हरिभूमि

गुना-राजगढ़-अशोकनगर भूमि फ्रंट पेज

भोपाल, गुरुवार 23 जुलाई 2026

04 ब्लॉक कांग्रेस कमेटी ने किया धरना-प्रदर्शन केंद्रीय शिक्षा...

07 केन्द्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने दिशा बैठक में दिए निर्देश

राघौगढ़ | मुंगावली | आरोन | चाचौड़ा | कुंभराज | ब्यावरा | सारंगपुर | नरसिंहगढ़ | खिलचीपुर | जीरापुर | चंदेरी | नईसराय | ईसागढ़

समाचार संक्षेप

मृगवास पुलिस ने नाबालिग से दुष्कर्म करने वाले आरोपी को भेजा जेल

गुना। जिले की मृगवास थाना पुलिस ने नाबालिग किशोरी से दुष्कर्म के मामले में फरार आरोपी को गिरफ्तार कर जेल पहुंचाया है। जानकारी के अनुसार 3 जुलाई 26 को 16 वर्षीय नाबालिग किशोरी द्वारा मृगवास थाने में आरोपी धर्मेन्द्र धाकड़ निवासी ग्राम बटावदा के विरूद्ध घर में घुसकर उसके जबरदस्ती दुष्कर्म करने और जान से मारने की धमकी देने की रिपोर्ट दर्ज कराई गई थी। जिस पर से पुलिस ने आरोपी धर्मेन्द्र धाकड़ के विरुद्ध मृगवास थाने में अपराध क्रमांक 77/26 धारा 65(1), 331(2), 351(3) बीएनएस एवं 3/4 पॉक्सो एक्ट के अंतर्गत प्रकरण दर्ज कर आरोपी की तलाश प्रारंभ की। प्रकरण में फरार आरोपी धर्मेन्द्र धाकड़ की तलाश के क्रम में गत दिवस आरोपी के संबंध में मुखबिर की सूचना पर पुलिस द्वारा कार्यवाही करते हुए प्रकरण में करीब बीस दिन से फरार आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष पेश किया गया, जहां से उसे न्यायिक अभिरक्षा में जेल भेज दिया है। पुलिस की इस कार्यवाही में थाना प्रभारी उपनिरीक्षक संदीप यादव, सउनि अजीत कुजूर, प्रधान आरक्षक रामकुमार रघुवंशी, प्रधान आरक्षक सुरेश मीना, आरक्षक जितेन्द्र यादव एवं आरक्षक राजीव रघुवंशी की भूमिका रही।

चेक बाउंस मामले में वारंटी दबोचा

गुना। कोतवाली पुलिस ने चेक बाउंस के एक प्रकरण में फरार वारंटी को गिरफ्तार किया है। गौरतलब है कि न्यायालय गुना में चेक बाउंस से संबंधित प्रकरण क्रमांक 148/24 धारा 138 एन.आई. एक्ट में राजेन्द्र अहिरवार निवासी पुरानी छावनी गुना के न्यायालयीन कार्यवाही से लगातार फरार रहने पर प्रकरण में उसकी गिरफ्तारी के लिए न्यायालय द्वारा स्थाई वारंट जारी किया गया, जो तामीली हेतु गुना कोतवाली में प्राप्त हुआ था। उपरोक्त प्रकरण में पुलिस द्वारा वारंटी राजेन्द्र अहिरवार की निरंतर तलाश की गई। जिसकी तलाश के क्रम में मंगलवार को मुखबिर सूचना पर पुलिस द्वारा कार्यवाही करते हुए प्रकरण में लंबे समय से फरार स्थाई वारंटी राजेन्द्र पुत्र माधौलाल अहिरवार निवासी पुरानी छावनी, गुना को गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष पेश किया गया। इस कार्यवाही में थाना प्रभारी निरीक्षक राजकुमार शर्मा के नेतृत्व में प्रधान आरक्षक सूर्येन्द्र मिश्रा, प्रधान आरक्षक दिलीप सेन एवं आरक्षक रतन सिंह की भूमिका रही।

अपहृत नाबालिग किशोरी दस्तयाब

गुना। जिले की मृगवास थाना क्षेत्र से नाबालिग किशोरी के अपहरण के मामले में पुलिस ने करीब 15 माह से अपहत नाबलिग को सुरक्षित दस्तयाब किया है। जानकारी के अनुसार 23 अप्रैल 2025 को एक पिता द्वारा जिले के मृगवास थाने पर अपनी 17 वर्षीय नाबालिग पुत्री के 6 अप्रैल 25 की रात्रि से लापता होने संबंधी रिपोर्ट दर्ज कराई गई थी । जिस पर से पुलिस ने अपराध क्रमांक 55/26 धारा 137(2) बीएनएस के तहत प्रकरण पंजीबद्ध कर किशोरी की तलाश प्रारंभ की गई। नाबालिग किशोरी के लापता होने की घटना को गंभीरता से लेकर मृगवास थाना पुलिस ने अपहृता की निरंतर तलाश की गई और इस हेतु अपना मुखबिर तंत्र विकसित किया साथ ही विभिन्न तकनीकी संसाधनों की मदद लेकर संकलित सूचनाओं के आधार पर सभी संभावित जगहों पर किशोरी को खोजने के लगातार प्रयास किए गए । जिसके परिणाम स्वरूप गत दिवस को किशोरी के संबंध में जानकारी मिलने पर मृगवास थाना पुलिस द्वारा तत्पर एवं प्रभावी कार्यवाही करते हुए करीब 15 माह से अपहृत किशोरी को सुरक्षित दस्तयाब कर लिया गया एवं विधिवत कानूनी प्रक्रिया पूर्ण करने के उपरांत उसे आज बाल कल्याण समिति के समक्ष प्रस्तुत किया गया, जहां से बाल कल्याण समिति अध्यक्षया डॉ. नीरू शर्मा एवं समिति सदस्यों द्वारा आवश्यक कार्यवाही पूरी कर किशोरी को उसके परिजनों के सुपुर्द कर दिया है। पुलिस की इस कार्यवाही में थाना प्रभारी उपनिरीक्षक संदीप यादव, सउनि केदार सिंह सगर, प्रधान आरक्षक रामकुमार रघुवंशी आदि की भूमिका रही।

ध्वनि प्रदूषण फैलाने वालों पर सख्ती जारी, 1.25 लाख का जुर्माना वसूला

80 अवैध मॉडिफाइड साइलेंसरों को रोड रोलर से सड़क पर किया ध्वस्त

गोली की आवाज निकालने वालों का कुचला गुरूर

हरिभूमि न्यूज ⏭ गुना

सड़कों पर पटाखे फोड़कर दहशत फैलाने वाले मनचले बुलेट चालकों पर गुना पुलिस ने कार्रवाई की है। यातायात पुलिस ने बुधवार को अब तक का सबसे बड़ा और कड़ा एक्शन लिया है। पुलिस ने चेकिंग अभियान चलाकर नियम तोड़ने वाले चालकों पर शिकंजा कसा है। इस दौरान पुलिस ने जब्त किए गए 75 मॉडिफाइड साइलेंसरों पर सरेराह जेसीबी का रोलर चलवा दिया। मौके पर ही सभी साइलेंसरों को चकनाचूर कर कबाड़ में तब्दील कर दिया गया। एसपी हितिका वासल के निर्देश पर यह पूरी कार्रवाई अंजाम दी गई है।

जानकारी के अनुसार पिछले कई दिनों से यातायात थाना प्रभारी अजय प्रताप सिंह की टीम लगातार सडक़ों पर उतरी। हनुमान चौराहे पर पुलिस ने विशेष चेकिंग पॉइंट लगाया। जब्त साइलेंसरों को एबी रोड पर बिछाया गया। उन पर जेसीबी का भारी-भरकम रोलर चला दिया गया। पुलिस की इस कार्रवाई को देखकर राहगीरों ने भी तारीफ की। शहर में लंबे समय से तेज

आवाज वाले साइलेंसर की शिकायतें मिल रही थीं। मनचले बुलेट चालक सडक़ों पर पटाखे फोडक़र रोब झाड़ते थे। इससे आमजन, बुजुर्गों और मरीजों की शांति भंग हो रही थी। यातायात पुलिस ने जयस्तंभ चौराहा, जगत तिराहा और जज्जी बस स्टैंड पर चेकिंग चलाई। पिछले सात दिनों में अभियान के दौरान अब तक ऐसे वाहनों पर कार्रवाई करते हुए लगभग 1,25,000 का जुर्माना वसूल किया गया है तथा 80 अवैध मॉडिफाइड साइलेंसर जब्त कर हटवाए गए। इन साइलेंसरों का आज सार्वजनिक रूप से रोड रोलर से नष्टीकरण किया गया, ताकि भविष्य में इनका किसी भी प्रकार से पुनः उपयोग न किया जा सके। वहीं 10 चार पहिया वाहनों से अवैध हूटर भी हटाए गए। कोर्ट ने एक बुलेट चालक पर 17 हजार रुपये का भारी जुर्माना लगाया। यातायात पुलिस ने सभी वाहन चालकों को चेतावनी दी है। चालक गाडिय़ों से मॉडिफाइड साइलेंसर तत्काल हटा लें। वे बाइक में कंपनी का ओरिजिनल साइलेंसर लगवाएं। नियम तोड़ने पर आगे भी सख्त वैधानिक कार्रवाई होगी। पुलिस ने आम नागरिकों से भी सहयोग मांगा है। कोई पटाखे फोड़ता दिखे तो उसकी फोटो-वीडियो वाट्सएप करें। नागरिक 7701046572 नंबर पर सूचना भेज सकते हैं। सूचना देने वाले का नाम पूरी तरह गुप्त रखा जाएगा। पुलिस का यह अभियान लगातार जारी रहेगा। इस मौके पर डीएसपी यातायात मुकेश कुमार दीक्षित यातायात टीआई अजय प्रताप सिंह, आरआई हर्ष यादव, आरआई अविनाश उमरैया, सूबेदार यशवंत रघुवंशी आदि उपस्थित रहे।

लगातार विशेष अभियान चलाया जा रहा

डीएसपी यातायात मुकेश कुमार दीक्षित ने बताया विगत 1-2 माह से पुलिस अधीक्षक के निर्देशानुसार उन बुलेट एवं अन्य मोटरसाइकिलों के विरुद्ध लगातार विशेष अभियान चलाया जा रहा है, जिनमें कंपनी द्वारा लगाए गए मूल साइलेंसर हटाकर अवैध रूप से मॉडिफाइड साइलेंसर लगाए गए हैं। ऐसे साइलेंसरों से अत्यधिक तेज एवं कर्कश ध्वनि उत्पन्न होती है, जिससे आमजन, अन्य वाहन चालक, महिलाएं, बच्चे, बुजुर्ग, विद्यार्थी तथा अस्पतालों के मरीजों को गंभीर असुविधा का सामना करना पड़ता है। यह ध्वनि प्रदूषण न केवल लोगों की शांति भंग करता है, बल्कि सडक़ पर वाहन चलाने वालों का ध्यान भी भटकाता है, जिससे दुर्घटना की आशंका बढ़ जाती है।

अभियान के दौरान अब तक ऐसे वाहनों पर कार्रवाई करते हुए लगभग 1,25,000 का जुर्माना वसूल किया गया है तथा 80 अवैध मॉडिफाइड साइलेंसर जब्त कर हटवाए गए। इन साइलेंसरों का आज सार्वजनिक रूप से रोड रोलर से नष्टीकरण किया गया, ताकि भविष्य में इनका किसी भी प्रकार से पुनः उपयोग न किया जा सके।

◆ पेरोल खत्म होने पर मां पहुंची जेल, बेटा लापता

ग्वालियर सेंट्रल जेल के बाहर से फरार हुआ गुना का ट्रिपल मर्डर का आरोपी

हरिभूमि न्यूज ⏭ गुना

वर्ष 2017 में गुना के चर्चित ट्रिपल मर्डर केस में आजीवन कारावास की सजा भुगत रहा कुख्यात अपराधी हनी दुबे पेरोल की अवधि समाप्त होने के बाद ग्वालियर सेंट्रल जेल के बाहर से चकमा देकर फरार हो गया। 15 दिन की पेरोल खत्म होने पर 22 जुलाई को हनी को अपनी मां पूनम दुबे के साथ वापस जेल में आवक दर्ज करानी थी, लेकिन जेल गेट तक पहुंचकर केवल उसकी मां अंदर दाखिल हुई और हनी पुलिस को झांसा देकर गायब हो गया। जेल प्रशासन और पुलिस अब उसकी तलाश में जुटी है।

उल्लेखनीय है कि यह सनसनीखेज मामला वर्ष 2017 का है, जब सिंचाई विभाग के अधिकारी के 17 वर्षीय पुत्र हेमंत मीना की बाइक खरीदने के नाम पर 40 हजार रुपये लूटने के बाद हत्या कर दी गई थी। पुलिस तफ्तीश को भटकाने के लिए आरोपियों ने क्राइम शो सावधान इंडिया से तरीका सीखकर हेमंत के मोबाइल से इंदौर से 50 लाख रुपये की फिरौती मंगवाई थी। मामले का राज न खुले और फिरौती की रकम का हिस्सा न देना पड़े, इसलिए हनी दुबे और उसकी मां

पूनम दुबे ने साजिश रचकर राजदार बने अपने ही दो अन्य दोस्तों, लोकेश लोधा और ऋतिक नामदेव को भी मौत के घाट उतार दिया था। तीनों किशोरों के शवों को नेगमा के जंगलों में ले जाकर जला दिया गया था। इस रोंगटे खड़े कर देने वाले तिहरे हत्याकांड में अदालत ने वर्ष 2022 में पूनम दुबे और उसके बेटे हनी दुबे को दोषी ठहराते हुए आजीवन कारावास की सजा सुनाई थी। तब से दोनों ग्वालियर सेंट्रल जेल में बंद थे। हाल ही में दोनों को 15 दिन की पेरोल मिली थी। पेरोल अवधि पूरी होने पर मां तो जेल लौट आई, लेकिन शातिर हनी दुबे जेल परिसर के बाहर से ही चंपत हो गया। घटना के बाद पुलिस महकमे में हड़कंप मच गया है और पुलिस की टीमें फरार कैदी की धरपकड़ के लिए संभावित ठिकानों पर दबिश दे रही हैं।

छात्र ने फांसी लगाकर की आत्महत्या किराए से रहकर कर रहा था पढ़ाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ गुना

शहर के कैंट थाना क्षेत्र अंतर्गत लूसन का बगीचा इलाके में किराए का कमरा लेकर पढ़ाई कर रहे एक 22 वर्षीय युवक ने संदिग्ध परिस्थितियों में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। घटना के बाद क्षेत्र में हड़कंप मच गया और परिजनों में मातम पसर गया। जानकारी के अनुसार, गोविंद गार्डन हिनोतिया गांव निवासी सचिन रघुवंशी (22) पुत्र भूपेंद्र रघुवंशी शहर में किराए का कमरा लेकर पढ़ाई कर रहा था। करीब 1 बजे उसने कमरे में फांसी लगा ली। घटना की भनक लगते ही परिजन आनन-फानन में उसे लेकर जिला अस्पताल पहुंचे, जहां डॉक्टरों ने परीक्षण के बाद उसे मृत घोषित कर दिया। सूचना मिलने पर पुलिस ने जिला अस्पताल पहुंचकर शव का पोस्टमार्टम कराया और पंचनामा बनाकर शव परिजनों के सुपुर्द कर दिया। पुलिस ने मर्ग कायम कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

छात्रों की मांगें और राहुल गांधी की गिरफ्तारी के विरोध में कांग्रेस ने किया प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ⏭ गुना

मध्य प्रदेश कांग्रेस कमेटी के निर्देशानुसार छात्रों की मांगों के समर्थन, उनके साथ हो रहे अन्याय एवं अत्याचार तथा लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष एवं कांग्रेस के वरिष्ठ नेता राहुल गांधी की गिरफ्तारी के विरोध में प्रदेश अध्यक्ष जीतू पटवारी एवं पूर्व कैबिनेट मंत्री विधायक राघौगढ़ अध्यक्ष जिला कांग्रेस कमेटी जयवर्धन के आह्वान पर सोमवार रात्रि को जिला कांग्रेस कमेटी गुना, ब्लॉक कांग्रेस कमेटी शहर-1 एवं ब्लॉक कांग्रेस कमेटी शहर-2 द्वारा हनुमान चौराहा, गुना पर विरोध प्रदर्शन आयोजित किया गया। कांग्रेसजनों ने कहा कि विभिन्न परीक्षाओं में

अनियमितताओं और छात्रों के भविष्य के साथ हो रहे खिलवाड़ के खिलाफ कांग्रेस लगातार संघर्ष कर रही है। छात्रों की आवाज़ उठाने और उनके अधिकारों की लड़ाई लडऩे पर राहुल गांधी के साथ की गई पुलिस कार्रवाई लोकतांत्रिक मूल्यों पर सीधा हमला है, जिसकी कांग्रेस पार्टी कड़े शब्दों में निंदा करती है।

विरोध प्रदर्शन में जिला संगठन महामंत्री पंकज कनेरिया, पार्षद तरुण सेन, अनुसूचित जाति कांग्रेस के जिलाध्यक्ष भगवान सिंह अहिरवार, एनएसयूआई जिलाध्यक्ष फलेशू राज सिसौदिया, ब्लॉक कांग्रेस कमेटी शहर-1 के अध्यक्ष रणवीर सिंह कुशवाह, पार्षद एवं ब्लॉक कांग्रेस कमेटी शहर-2 के अध्यक्ष हलीम गाजी, पूर्व ब्लॉक अध्यक्ष दीपेश पाटनी, ब्लॉक महामंत्री असीम भटनागर, मंडल अध्यक्ष अनीश, मंडल अध्यक्ष आर्यन सेंड़ो, वीरेंद्र ओझा, युवा कांग्रेस जिला महामंत्री नबल दामले, युवा कांग्रेस जिला महामंत्री सहदेव बाल्मीकि, मजहर कुरैशी, आदित्य चौहान, इमरान, गोलू कुशवाह, ब्लॉक सचिव सोहिल, नन्दकिशोर मीना, गिर्राज ओझा, सोनू, इमरान, सचिन, मोहित, मोंटी, वैभव सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

बजरंगढ़ गौशाला में हुआ 101 पौधों का रोपण, तुलसी का पौधा भेंट कर जताया आभार

गुना। मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद के एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत ग्राम बजरंगढ़ स्थित आचार्य कुटी गौशाला परिसर में 101 फलदार एवं छायादार पौधे रोपे गए। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य पर्यावरण संरक्षण और पौधरोपण के प्रति जागरूकता बढ़ाना रहा। मुख्य अतिथि डॉ. सतीश चतुर्वेदी ने कहा कि वृक्ष हमारे जीवन का आधार हैं, इसलिए

पौधरोपण के साथ उनके संरक्षण का संकल्प

भी जरूरी है। जिला समन्वयक मंजुषा सालोमन ने पौधों की देखभाल नवजात शिशु की तरह करने की बात कही। ब्लॉक समन्वयक अमित गोयल ने अंकुर अभियान के तहत रोपे गए पौधों को वायुदूत ऐप पर अपलोड करने की अपील की। अंत में नवांकुर संस्था अवार्ड के अध्यक्ष बीडी शर्मा ने सभी का आभार व्यक्त किया।

नई गाड़ी देखकर मांगी 10 हजार की अड़ी, मना करने पर लाठी से किया हमला

हरिभूमि न्यूज ⏭ गुना

जिले के राघौगढ़ थाना क्षेत्र के ग्राम सागर में नई गाड़ी की अड़ीबाजी को लेकर मारपीट और तोड़फोड़ का मामला सामने आया है। शराब पीने के लिए रुपए न देने पर एक युवक ने लाठी से हमला कर फरियादी को घायल कर दिया और उसकी नई गाड़ी में भी तोड़फोड़ कर दी। जानकारी के अनुसार, ग्राम सागर निवासी जितेन्द्र मीणा (28) अपने घर के बाहर खड़े थे। तभी गावरी निवासी अनिल मीणा आया और नई गाड़ी लेने की बात कहते हुए शराब के लिए 10 हजार रुपये मांगने लगा। जितेन्द्र द्वारा मना करने पर आरोपी ने गालियां देते हुए लाठी से हमला कर दिया, जिससे उनके दाहिने हाथ में चोट आई। आरोपी ने पत्थर मारकर नई गाड़ी को भी क्षतिग्रस्त कर दिया और जान से मारने की धमकी देकर भाग गया।

पुलिस ने फरियादी की शिकायत पर मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। इधर जिले के आरोन थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम जुगिया में ज़मीन के बंटवारे को लेकर हुए विवाद में छोटे भाई द्वारा बड़े भाई पर डंडे से हमला करने का मामला सामने आया है। पुलिस ने पीड़िता की मेडिकल और एक्स-रे रिपोर्ट में हाथ का फ्रैक्चर आने के बाद आरोपी के खिलाफ आपराधिक मामला दर्ज कर लिया है। जानकारी के अनुसार, ग्राम जुगिया निवासी 65 वर्षीय अमान सिंह खैरुआ का अपने छोटे भाई बहादुर खैरुआ से जमीन के हिस्से को लेकर विवाद चल रहा था। गत दिवस खेत पर समझाइश के दौरान बहादुर ने गाली-गलौज करते हुए डंडे से अमान सिंह पर हमला कर दिया, जिससे उनके दाहिने हाथ के पंजे में गंभीर चोट आई थी। घटना के बाद पुलिस ने एनसीआर दर्ज कर फरियादी का मेडिकल व एक्स-रे कराया था। अब एक्स-रे रिपोर्ट में फ्रैक्चर की पुष्टि होने पर आरोन पुलिस ने बीएनएस की धारा 117(2) के तहत अपराध पंजीबद्ध कर कार्रवाई शुरू कर दी है।

एसडीएम ने बेरोजगार युवाओं को जॉब की जानकारी देकर वितरित किए हितलाभ

निजी क्षेत्र की कंपनियों में 383 से अधिक युवाओं का चयन

हरिभूमि न्यूज ⏭ गुना

युवाओं को रोजगार और स्वरोजगार उपलब्ध कराने के उद्देश्य से हर माह निर्धारित दिवस को युवा संगम कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसी क्रम में कार्यक्रम के नोडल व जिला रोजगार अधिकारी बीएस मीना ने बताया कि आज कलेक्टर किशोर कुमार कन्याल के निर्देशन एवं मुख्य कार्यपालन अधिकारी अभिषेक दुबे, अनुविभागीय अधिकारी राजस्व राघौगढ़ अमित सोनी के मार्गदर्शन में आज शासकीय आईटीआई परिसर, राघौगढ़ में युवा संगम कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

युवा संगम कार्यक्रम की शुरुआत अतिथियों द्वारा सरस्वती पूजन के साथ की गई। आज के कार्यक्रम में निजी क्षेत्र में रोजगार व स्वरोजगार के लिए 400 से अधिक आकांक्षी युवाओं ने ऑनलाइन एवं ऑफलाइन पंजीयन कराया गया। इसमें 9 कंपनियों के प्रतिनिधियों ने 383 युवाओं का प्रारंभिक चयन किया एवं 238 आकांक्षी युवाओं को साक्षात्कार के माध्यम से निजी क्षेत्र में रोजगार के अवसर के लिए ऑफर लेटर प्रदान किया गए। युवा संगम कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कार्यक्रम के अतिथि अनुविभागीय अधिकारी राजस्व

अमित सोनी ने युवा संगम कार्यक्रम से बेरोजगार से जॉब सम्बंधित जानकारी देकर चयनित युवाओं को ऑफर लेटर वितरण किए और स्वरोजगार योजनाओं के 1592 हितग्राहियों 20 करोड़ 61 के हितलाभ वितरित किए गए है। आयोजित कार्यक्रम में शासन के विभिन्न विभागों द्वारा संचालित स्वरोजगार योजनाओ के 1592 हितग्राहियो को 20 करोड़ 61 लाख का रुपए का हितलाभ वितरण ऑनलाइन कराया किया गया। मौके पर इन हितग्राहियों को हितलाभ वितरण कराया गया। जिसमें जिला व्यापार एवं उद्योग केंद्र की मुख्यमंत्री उद्यम क्रांति योजना के अंतर्गत अशोक कुमार साहू को 2 लाख तथा रविंद्र सिंह परिहार को 9 लाख का ऋण वितरित किया गया। खादी ग्रामोद्योग विभाग की पीएम विश्वकर्मा योजना के अंतर्गत वंदना यादव, अजय ओझा, सफीक पठान, नंदकिशोर, गिर्राज सेन, महेश कुमार तथा देवेंद्र सेनी को 1-1 लाख का ऋण वितरित किया गया।

उद्यानिकी विभाग की पीएमएफएमई योजना के तहत किया ऋण वितरित

मप्र राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन के अंतर्गत लक्ष्मी स्व सहायता समूह, ग्राम सियाखेड़ी को 1.5 लाख, सीता स्व सहायता समूह, ग्राम दौराना को 6 लाख, पार्वती स्व सहायता समूह ग्राम दौराना को 6 लाख, रामदेव स्व सहायता समूह, ग्राम मानपुरा को 1.5 लाख, भोलेशंकर स्व सहायता समूह ग्राम मानपुरा को 1.5 लाख, महालक्ष्मी स्व सहायता समूह, ग्राम कड़ैयखेड़ा को 6 लाख, महादेव स्व सहायता समूह, ग्राम कड़ैयखेड़ा को 6 लाख तथा लक्ष्मी स्व सहायता समूह ग्राम जामनेर को 6 लाख का ऋण वितरित किया गया। युवा संगम में शासन आदेशानुसार अब युवा संगम में युवक-युवतियों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। नशामुक्ति की जानकारी देकर अनुविभागीय अधिकारी अमित सोनी द्वारा उपस्थित युवाओं को नशामुक्ति की शपथ दिलाई गई।

इसके साथ ही कौशल विकास के लिए राष्ट्रीय शिक्षुता प्रोत्साहन योजना, मुख्यमंत्री सीखो कमाओ योजना, प्रधानमंत्री इंटर्नशिप योजना की जानकारी भी युवाओं को उपलब्ध कराई गई।

समाचार संक्षेप

राघौगढ़ के ग्राम सनोतिया में दबंगों ने बंद किया प्राचीन रास्ता, ग्रामीणों ने लगाई गुहार

गुना। राघौगढ़ तहसील के ग्राम सनोतिया में प्राचीन आम रास्ते पर अतिक्रमण कर उसे बंद कर दिए जाने से आक्रोशित ग्रामीण जिला मुख्यालय स्थित कलेक्टोरेट पहुंचे। ग्रामीणों ने तहसीलदार एवं प्रशासनिक अधिकारियों को ज्ञापन सौंपकर खेतों की ओर जाने वाला बंद रास्ता तत्काल खुलवाने की मांग की है। सौंपे गए ज्ञापन में ग्रामीणों ने बताया कि गांव से धरनावदा की ओर जाने वाले प्राचीन रास्ते पर गांव के ही कुछ लोगों ने कटीली जाली और बाड़ लगाकर पूरी तरह से कब्जा कर लिया है। इतना ही नहीं, किसान जिन वैकल्पिक रास्तों व मेडों से होकर अपने खेतों तक पहुंचते थे, उन्हें भी पूरी तरह बंद कर दिया गया है। रास्ता बंद हो जाने से लगभग 20 से 25 किसान परिवार सीधे तौर पर प्रभावित हुए हैं। किसानों का कहना है कि रास्ता बंद होने से वे न तो अपनी खड़ी फसलों की देखरेख कर पा रहे हैं और न ही मवेशियों के लिए चारा ला पा रहे हैं। खेतों में कीटनाशक छिडक़ाव और अन्य कृषि कार्य पूरी तरह ठप हो गए हैं। रघुवीर सिंह, मन्नूलाल, नारायण सिंह सहित कई ग्रामीणों ने शीघ्र कार्रवाई कर रास्ता खुलवाने की मांग की है।

भाजपा ने नगर परिषद आरोन में चार नए एल्डरमैन किए मनोनीत, दो महिला प्रतिनिधियों को मिली जिम्मेदारी

आरोन। भारतीय जनता पार्टी संगठन द्वारा नगर परिषद आरोन में चार नए एल्डरमैन मनोनीत किए गए हैं। इनमें दो महिला एवं दो पुरुष प्रतिनिधियों को जिम्मेदारी सौंपी गई है। नियुक्ति की घोषणा के बाद भाजपा कार्यकर्ताओं और समर्थकों में खुशी का माहौल है। सभी नवनियुक्त एल्डरमैन का स्वागत करते हुए उन्हें बधाई एवं शुभकामनाएं दी गईं। मनोनीत किए गए एल्डरमैन में रामप्रकाश शर्मा (पंडा जी), वार्ड क्रमांक-12, पुरी कॉलोनी; डॉ. कैलाश सिंह रघुवंशी, वार्ड क्रमांक-11, गुलाबगंज; रामकन्या यादव, वार्ड क्रमांक-3, गणेशवरी; तथा संगीताबाई परिहार, वार्ड क्रमांक-5, बड़ा जैन मंदिर क्षेत्र, आरोन शामिल हैं। भाजपा पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने विश्वास व्यक्त किया कि सभी नवनियुक्त एल्डरमैन नगर परिषद के विकास कार्यों को गति देने, जनसमस्याओं के समाधान तथा जनहित से जुड़े मुद्दों को प्राथमिकता के साथ आगे बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे। इस अवसर पर पार्टी कार्यकर्ताओं ने नवनियुक्त एल्डरमैन का पुष्पमालाओं से स्वागत किया और मिठाई खिलाकर उनके सफल एवं जनसेवा के लिए समर्पित कार्यकाल की शुभकामनाएं दीं।

राहुल गांधी की गिरफ्तारी और छात्रों पर कथित लाठीचार्ज के विरोध में कांग्रेस का प्रदर्शन

ब्लॉक कांग्रेस कमेटी ने किया धरना-प्रदर्शन केंद्रीय शिक्षा मंत्री के इस्तीफे की मांग

हरिभूमि न्यूज ⏭ आरोन

प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी एवं राघौगढ़ विधानसभा क्षेत्र के विधायक जयवर्धन सिंह के निर्देशन में ब्लॉक कांग्रेस कमेटी आरोन द्वारा नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी के समर्थन एवं छात्रों पर हुए कथित लाठीचार्ज के विरोध में मंगलवार रात्रि लगभग 10 बजे श्री दास हनुमान मंदिर चौराहा पर धरना-प्रदर्शन किया गया। इस दौरान कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने केंद्र सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी करते हुए केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान के इस्तीफे की मांग की। प्रदर्शन का नेतृत्व ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष पार्वती अहिरवार ने किया। उन्होंने कहा कि देशभर के छात्र निष्पक्ष एवं पारदर्शी भर्ती परीक्षाओं, शिक्षा व्यवस्था में सुधार तथा पेपर लीक जैसे गंभीर मामलों पर न्याय की मांग कर रहे हैं। ऐसे समय में छात्रों की आवाज़ उठाने वाले नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी के साथ जिस प्रकार का व्यवहार किया गया, वह लोकतांत्रिक परंपराओं के विपरीत है। उन्होंने आरोप लगाया कि सरकार छात्रों की आवाज़ दबाने के लिए पुलिस बल का सहारा ले रही है, जो लोकतंत्र के लिए दुर्भाग्यपूर्ण है।केंद्र सरकार के खिलाफ लगे जोरदार नारे, धरना-प्रदर्शन के दौरान कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने केंद्र सरकार के खिलाफ जोरदार नारेबाजी की। कार्यकर्ताओं ने धर्मेंद्र प्रधान इस्तीफा दो, हमें यह सरकार बदलनी है, राहुल गांधी जिंदाबादर, जीतू पटवारी जिंदाबाद और जयवर्धन सिंह जिंदाबाद जैसे नारे लगाकर अपना विरोध दर्ज कराया। **छात्रों और युवाओं के हित में संघर्ष जारी रखने का संकल्प:** कांग्रेस नेताओं ने कहा कि राहुल गांधी लगातार छात्रों, युवाओं, किसानों और आम जनता के मुद्दों को संसद से लेकर सड़क तक उठाते रहे हैं। उनका कहना था कि छात्रों के समर्थन में आवाज़ उठाने पर राहुल गांधी को पुलिस द्वारा हटाया जाना लोकतांत्रिक अधिकारों का हनन है। कांग्रेस पार्टी छात्रों और युवाओं के अधिकारों की रक्षा के लिए हर स्तर पर संघर्ष जारी रखेगी तथा सरकार की जनविरोधी नीतियों का विरोध करती रहेगी।

धरना-प्रदर्शन में पूर्व ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष अरविंद श्रीवास्तव, पूर्व ब्लॉक अध्यक्ष गोपाल सोनी, ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष पार्वती अहिरवार, शहर कांग्रेस अध्यक्ष शक्ति शर्मा, सरपंच युवराज शर्मा, मंडल अध्यक्ष जीतू शर्मा, आरोन मंडल अध्यक्ष पवन श्रीवास्तव आदि मौजूद रहे।

अब चुनें बीए एलएलबी या बीकॉम एलएलबी और दें करियर को उड़ान

हरिभूमि न्यूज ⏭ गुना

12वीं के बाद अधिकांश विद्यार्थी बीए या बीकॉम जैसे पारंपरिक स्नातक पाठ्यक्रमों का चयन करते हैं, लेकिन यदि लक्ष्य वकालत, न्यायिक सेवा, कॉर्पोरेट सेक्टर या प्रशासनिक सेवाओं में बेहतर करियर बनाना है, तो बीए एलएलबी और बीकॉम एलएलबी अधिक प्रभावी विकल्प बनकर उभर रहे हैं। ये पाँच वर्षीय इंटीग्रेटेड कोर्स छात्रों को एक साथ स्नातक और कानून की शिक्षा प्रदान करते हैं, जिससे समय की बचत होती है और करियर की शुरुआत भी जल्दी हो जाती है। इन कोर्सों में छात्रों को संविधान, आपराधिक कानून, सिविल कानून, कॉर्पोरेट लॉ, टैक्सेशन, कॉन्ट्रैक्ट लॉ और विधिक अनुसंधान जैसे विषयों का व्यावहारिक ज्ञान दिया जाता है। साथ ही मूट कोर्ट, इंटर्नशिप और लीगल ट्रेनिंग के माध्यम से उन्हें वास्तविक न्यायिक प्रक्रिया का अनुभव भी मिलता है। विशेषज्ञों के अनुसार, बीए एलएलबी और बीकॉम एलएलबी करने वाले विद्यार्थियों के लिए वकालत, न्यायिक सेवा, कॉर्पोरेट लीगल एडवाइजर, बैंकिंग, बीमा, सरकारी विभाग, मल्टीनेशनल कंपनियों तथा उच्च शिक्षा के क्षेत्र में अनेक अवसर उपलब्ध हैं। आज के समय में कॉर्पोरेट और कानूनी क्षेत्र में प्रशिक्षित विधि विशेषज्ञों की मांग लगातार बढ़ रही है। ओमकार ग्रुप ऑफ कॉलेजेस, गुना में विद्यार्थियों को आधुनिक शिक्षण पद्धति, अनुभवी फैकल्टी, मूट कोर्ट, सेमिनार, कार्यशालाओं तथा करियर मार्गदर्शन के साथ बीए एलएलबी एवं बीकॉम एलएलबी की गुणवत्तापूर्ण शिक्षा उपलब्ध कराई जा रही है। संस्थान का उद्देश्य विद्यार्थियों को केवल डिग्री ही नहीं, बल्कि सफल कानूनी पेशेवर के रूप में तैयार करना ।

भारत-अमेरिका डील के विरोध में राष्ट्रव्यापी विरोध, किया प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ⏭ आरोन

आरोन में आंबेडकर पार्क के पास भारत अमेरिका ट्रेंड डील के खिलाफ राष्ट्रव्यापी विरोध दिवस मनाया गया, जिसमें माननीय राष्ट्रपति के नाम अनुविभागीय अधिकारी को ज्ञापन सौंपा गया। जिसमें ऑल इंडिया किसान खेत मजदूर संगठन के सदस्य अजयपाल यादव नीलेश बैरागी संयुक्त रूप से कहा कि भारत–अमेरिका मुक्त व्यापार समझौते को रोकने तथा किसानों, मजदूरों एवं आम जनता के हितों की रक्षा के लिए देशभर में राष्ट्रव्यापी विरोध दिवस के तहत किसान, खेत मजदूर एवं नागरिक, आपके माध्यम से भारत सरकार का ध्यान भारत अमेरिका मुक्त व्यापार समझौते से किसानों व आमजनता के बहुत हानि होगी, क्योंकि अमेरिका से आने वाले जींस भारत के व्यापार और किसानों को बर्बाद कर देगा, वहां से कृषि उपाज आयेगी तो किसानों का फसल कौन खरीदेगा और किसानों की अभी देख रहे हैं कि खाद, बीज, कीटनाशक दवाई, हाकाई जुताई कितनी महंगी हो रही हैं ऐसे में या भारत अमेरिका ट्रेंड डील से भारतीय किसान व आमजनता को बहुत नुकसान होगा।

उत्कृष्ट विद्यालय में 650 विद्यार्थियों की पढ़ाई शुरू समय-सारणी के अनुसार लग रहीं नियमित कक्षाएं

हरिभूमि न्यूज ⏭ राघौगढ़

शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय बीनागंज में नए शैक्षणिक सत्र के तहत लगभग 650 विद्यार्थियों का प्रवेश होने के बाद नियमित अध्ययन कार्य प्रारंभ हो गया है। विद्यालय में निर्धारित समय-सारणी के अनुसार कक्षाओं का संचालन किया जा रहा है, जिससे विद्यार्थियों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा उपलब्ध हो रही है। उत्कृष्ट विद्यालय बीनागंज पूरे विकासखंड का प्रमुख शैक्षणिक संस्थान है। बेहतर शैक्षणिक वातावरण एवं उत्कृष्ट परीक्षा परिणामों के कारण दूर-दराज के क्षेत्रों से विद्यार्थी यहां अध्ययन के लिए आते हैं। कोटरा, पेची, देहरी, बरखेड़ा खुर्द, मागरौन, पटोंदी सहित अनेक गांवों के छात्र-छात्राएं विद्यालय में अध्ययनरत हैं।विद्यालय में कक्षा 9वीं में 135, कक्षा 10वीं में 86, कक्षा 11वीं में 200 तथा कक्षा 12वीं में 200 विद्यार्थी अध्ययन कर रहे हैं। कला, विज्ञान एवं कृषि संकाय की नियमित कक्षाएं संचालित की जा रही हैं। विद्यालय में लगभग 30 शिक्षक-शिक्षिकाएं विद्यार्थियों को शिक्षण कार्य करा रहे हैं।विद्यालय का संचालन प्रतिदिन प्रातः 10:30 बजे से शाम 4:30 बजे तक किया जाता है। दोपहर 1:20 बजे से 2:00 बजे तक अवकाश रहता है, जिसके बाद पुनः कक्षाएं संचालित होती हैं। अवकाश के बाद भी छात्र-छात्राएं अपनी कक्षाओं में अध्ययन करते हुए देखे जा सकते हैं।प्राचार्य सुरेश गुप्ता ने बताया कि निर्धारित शैक्षणिक कैलेंडर के अनुसार सभी कक्षाओं की दो यूनिट शीघ्र ही पूर्ण कर ली जाएंगी। उन्होंने बताया कि कक्षा 11वीं एवं 12वीं के विद्यार्थियों को गणित विषय का अध्यापन वे स्वयं कराते हैं, ताकि विद्यार्थियों को बेहतर मार्गदर्शन मिल सके।विद्यालय प्रबंधन के अनुसार सभी कक्षाओं का संचालन नियमित रूप से किया जा रहा है तथा विद्यार्थियों के लिए विभिन्न शैक्षणिक गतिविधियों का भी आयोजन किया जा रहा है।

किसान हाजी मोहम्मद की दो नातिनों का नीट में चयन

हरिभूमि न्यूज ⏭ पिपरई



किसान हाजी मोहम्मद की दोनों नातिनों ने नीट परीक्षा में पहली बार में ही सफलता अर्जित की है। जब इसकी सूचना घर के लोगों को मिली तो उनकी खुशी का ठिकाना नहीं रहा। शिफा खान पुत्री इशराक खान और अलीशा पुत्री इरफान खान का चयन नीट परीक्षा में हुआ है।

शिफा ने बताया कि इस बार की परीक्षा उनके लिए एक चुनौतीपूर्ण रही। तीन मई को हुई पहली परीक्षा में बेहतरीन प्रदर्शन किया था लेकिन पेपर लीक होने के कारण परीक्षा रद्द कर दी गई थी। अलीशा ने बताया कि इस खबर से उनका मनोबल टूट गया था, लेकिन परिवार ने उन्हें इस कठिन समय में अटूट समर्थन दिया। हिम्मत हारने के बजाय, हम दोनों ने फिर से तैयारी शुरू की और गुना में रहकर एक महीने तक कड़ी मेहनत की। इसके बाद, री-नीट परीक्षा में भी उन्होंने अपनी काबिलियत साबित करते हुए 506 ओर 512 अंक हासिल किए।

विधायक ने मत्स्य विभाग में अनुदान वितरण में अनियमित्ताओं को लेकर विस में सवाल उठाया

हरिभूमि न्यूज ⏭ अशोकनगर

स्थानीय कांग्रेस विधायक इंजीनियर हरिबाबू राय ने ध्यानाकृषण के माध्यम से विधानसभा में अशोकनगर मत्स्य विभाग में चल रही प्रधानमंत्री मत्स्य संपदा योजना के अंतर्गत अनुदान वितरण में कथित अनियमित्ताओं को लेकर सवाल उठाया है। जिसे लेकर विभाग के अधिकारियों द्वारा जानकारी तैयार कर भेजी गई है।

मत्स्य विभाग के निरीक्षक संजय ईनामदार ने बताया कि इस योजना के अंतर्गत जो आवेदन आते हैं उन आवेदनों का जिला स्तरीय अनुमोदन समिति से अनुमोदन होने के बाद कार्य करने की स्वीकृति प्रदान की जाती है। इस योजना में वर्ष 2020-21 से अब तक अनेक मत्स्य उत्पादक कृषकों को लाभान्वित किया गया है जिनमें 2020-21 में 36 कृषकों को 1 करोड़ 38 लाख, 2021-22 में 36 कृषकों को 51 करोड़ 95 लाख, 2022-23 में 11 कृषकों को 55 करोड़ 90 लाख, 2023-24 में 29 कृषकों को 97 करोड़ 28 लाख, 2024-25 में 87 कृषकों को 230 करोड़ 52 लाख, और 2025-26 में 37 कृषकों को 142 करोड़ 70 लाख और 2026-27 में अब तक 13 कृषकों को 62 करोड़ 57 लाख रूपए की राशि आंवटित की गई है।

मत्स्य निरीक्षक संजय इनामदार ने बताया कि मत्स्य संपदा योजना 2020-21 में कोरोना की पहली लहर के बाद सिंतबर 2020 में शुरू की गई थी, यह पंच वर्षीय योजना थी, इस योजना में अलग से बजट आवंटित किया जाता है। जिसमें तालाब निर्माण, मछली दुकान, और हितग्राहियों को ऋण उपलब्ध कराया जाता है। इस योजना में सामान्य वर्ग को 40 प्रतिशत की सब्सिडी और अनुसूचित जाति जनजाति वर्ग को 60 प्रतिशत की सब्सिडी प्रदान की जाती है। इस योजना को लेकर यह आरोप लगते रहे हैं कि मत्स्य विभाग द्वारा योजना में बंदर बांट की गई है जो लोग पात्रता की श्रेणी में नहीं आते थे उन्हें भी पात्रता प्रदान कर दी गई। कईं लोगों ने उक्त योजना में खूब लाभ उठाया, अधिकारियों से सांठ गांठ की। इस योजना में कईं ऐसे भी मामलों की शिकायतें हुई हैं जिनमें पुराने कार्यों को ही नया बताकर ऋण प्राप्त कर लिया गया और सब्सिडी की राशि भी हजम कर ली गई। लेकिन विभाग के अधिकारी इस तरह के आरोपों का खण्डन कर रहे हैं। संजय इनामदार का कहना है कि इस योजना में कहीं कोई भ्रष्टाचार नहीं हुआ है।

इस योजना के अंतर्गत तालाब निर्माण एक हेक्टयर को लेकर 11 लाख रूपए का अनुदान दिया गया जिसके सबसे ज्यादा 80 प्रकरण हैं, मछली दुकान के लिए 10 लाख रूपए तक के ऋण का अनुदान दिया गया, जिसके 15 प्रकरण हैं। स्वयं की भूमि और मछली पालन के लिए टैंक बनाने के लिए साढे सात लाख रूपए का ऋण का प्रावधान है। बाईक के लिए 75 हजार रूपए का ऋण है, ऐसे अनेक प्रकार की योजनाएं प्रधानमंत्री मत्स्य संपदा योजना के अंतर्गत हैं। अशोकनगर जिले में 2112 तालाब मौके पर हैं, यह तालाब कहां है यह तालाब कहां है यह कहीं नजर नहीं आते लेकिन इन तालाबों पर भी ऋण प्राप्त कर लिया गया, इस तरह की तमाम शिकायते हैं।

मोबाइल शॉप में चोरी का खुलासा शातिर चोर को किया गिरफ्तार

लगभग 80 हजार रुपए के चोरी गए मोबाइल बरामद

अशोकनगर। थाना कोतवाली को मोबाइल शॉप में हुई चोरी के मामले में महत्वपूर्ण सफलता प्राप्त हुई है। पुलिस ने त्वरित कार्यवाही करते हुए शातिर चोर को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से चोरी गए लगभग 80,000 रूपये मूल्य के मोबाइल फोन बरामद किए हैं। उल्लेखनीय है कि दिनांक 21.07.2026 को फरियादी सफल जैन पिता रविन्द्र कुमार जैन, उम्र 22 वर्ष, निवासी शांति नाथ मंदिर के पास, अशोकनगर द्वारा थाना कोतवाली में रिपोर्ट दर्ज कराई गई कि वह रात्रि में अपनी मोबाइल दुकान बंद कर घर चला गया था। देर रात लगभग 1.00 बजे सूचना मिलने पर दुकान पहुंचकर देखा तो दुकान में चोरी हो चुकी थी। अज्ञात चोर द्वारा दुकान से एक लावा कंपनी का मोबाइल, एक सैमसंग मोबाइल, दो आईफोन तथा बिक्री के रखे लगभग 5,000 नगद चोरी कर लिए गए थे। चोरी गए सामान एवं नगदी की कुल कीमत लगभग 80,000 थी। रिपोर्ट पर थाना कोतवाली में अज्ञात आरोपी के विरुद्ध अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना प्रारंभ की गई। घटना की गंभीरता को देखते हुए पुलिस अधीक्षक अशोकनगर द्वारा तत्काल अज्ञात आरोपी की गिरफ्तारी एवं चोरी गए माल की बरामदगी के निर्देश दिए गए। निर्देशों के पालन में थाना प्रभारी निरीक्षक रविप्रताप सिंह चैहान के नेतृत्व में विशेष टीम गठित की गई। टीम द्वारा घटनास्थल एवं आसपास के तकनीकी साक्ष्यों का गहन विश्लेषण किया गया, मुखबिर तंत्र सक्रिय किया गया तथा तकनीकी साक्ष्यों के आधार पर बीना, सागर सहित विभिन्न स्थानों पर तलाश की गई। लगातार प्रयासों के परिणाम स्वरूप आरोपी संदीप उर्फ संजीव यादव पिता रामबाबू यादव, उम्र 19 वर्ष, निवासी सेमरी टंकी के पास, थाना पिपरई, जिला अशोकनगर को बीना रेलवे स्टेशन के पास से गिरफ्तार किया गया। आरोपी के कब्जे से चोरी गए एक लावा मोबाइल, एक सैमसंग मोबाइल एवं दो आईफोन, कुल कीमत लगभग 80,000 रूपये बरामद कर जब्त किए गए।

राज्य अनुसूचित जाति आयोग के अध्यक्ष ने विभागीय योजनाओं की समीक्षा के साथ जनसंवाद किया

अधिकारियों को निर्धारित लक्ष्यों की समयबद्ध पूर्ति के निर्देश

हरिभूमि न्यूज ⏭ अशोकनगर

मध्यप्रदेश राज्य अनुसूचित जाति आयोग के अध्यक्ष डॉ. कैलाश जाटव ने अशोकनगर के अपने एक दिवसीय कार्यक्रम के अंतर्गत कलेक्टर कार्यालय में विभागीय कार्यों की समीक्षा की। बाद में वह जन संवाद के कार्यक्रम में शामिल हुए। जिला मुख्यालय पर चल रहीं अनुसूचित जाति छात्रावास का भी निरीक्षण किया।

बैठक के दौरान डॉ. जाटव ने अनुसूचित जाति आवासीय छात्रवृत्ति योजना, अनुसूचित जाति स्वरोजगार योजना, सिविल सेवा प्रोत्साहन योजना, प्रधानमंत्री आवास योजना तथा केंद्र एवं राज्य सरकार की विभिन्न हितग्राही मूलक योजनाओं की प्रगति की समीक्षा की। उन्होंने सिविल सेवा प्रोत्साहन योजना के भौतिक एवं वित्तीय लक्ष्यों की जानकारी लेकर अधिकारियों को निर्धारित लक्ष्यों की समयबद्ध पूर्ति के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि अनुसूचित जाति बस्तियों में सड़क, बिजली, पेयजल जैसी मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराना शासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है। जिला पंचायत को इन कार्यों की नियमित मॉनिटरिंग करते हुए बस्ती विकास योजना के अंतर्गत गुणवत्तापूर्ण निर्माण कार्य सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। बैठक में जाति प्रमाण पत्र समय पर जारी करने के लिए एसडीएम स्तर पर आवश्यक कार्रवाई करने, आंगनबाड़ी केंद्रों पर बच्चों का नियमित स्वास्थ्य परीक्षण कराने तथा पीएम जनमन योजना के अंतर्गत सभी निर्माण कार्य निर्धारित गुणवत्ता मानकों के अनुरूप कराने के निर्देश भी दिए गए।

जनप्रतिनिधियों एवं सामाजिक प्रतिनिधियों से किया संवाद

अनुसूचित जाति आयोग के अध्यक्ष डॉ कैलाश जाटव की अध्यक्षता में जनप्रतिनिधियों एवं सामाजिक प्रतिनिधियों के साथ संवाद कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में अनुसूचित जाति समाज के कल्याण, अधिकारों के संरक्षण तथा शासन की जन कल्याणकारी योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन पर विस्तार से चर्चा की गई। कार्यक्रम में डॉ जाटव ने जनप्रतिनिधियों एवं सामाजिक प्रतिनिधियों से समाज से जुड़े विभिन्न विषयों पर सुझाव प्राप्त किए तथा उनकी समस्याओं एवं अपेक्षाओं को गंभीरता से सुना। उन्होंने कहा कि शासन की मंशा है कि समाज के प्रत्येक पात्र व्यक्ति तक योजनाओं का लाभ समयबद्ध एवं पारदर्शी तरीके से पहुंचे। इसके लिए जनप्रतिनिधियों एवं सामाजिक संगठनों की सक्रिय भागीदारी आवश्यक है। संवाद कार्यक्रम में जन प्रतिनिधियों एवं सामाजिक प्रतिनिधियों ने भी अपने सुझाव एवं समस्याएं आयोग के अध्यक्ष के समक्ष रखीं।

अनुसूचित जाति आयोग के अध्यक्ष ने कन्या उत्कृष्ट छात्रावास का किया औचक निरीक्षण

मध्यप्रदेश राज्य अनुसूचित जाति आयोग के अध्यक्ष डॉ. कैलाश जाटव ने बुधवार को शासकीय अनुसूचित जाति कन्या उत्कृष्ट छात्रावास अशोकनगर का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने छात्रावास में छात्राओं को उपलब्ध कराई जा रही आवासीय, भोजन, स्वच्छता, सुरक्षा एवं अन्य मूलभूत सुविधाओं का बारीकी से जायजा लिया। डॉ. जाटव ने छात्राओं से सीधे संवाद कर उनकी समस्याओं और आवश्यकताओं की जानकारी ली तथा छात्रावास की व्यवस्थाओं के संबंध में फीडबैक प्राप्त किया। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि छात्राओं को गुणवत्तापूर्ण भोजन, स्वच्छ एवं सुरक्षित वातावरण, नियमित स्वास्थ्य सुविधाएं तथा आवश्यक शैक्षणिक संसाधन समय पर उपलब्ध हो यह सुनिश्चित किया जाएं। निरीक्षण के दौरान उन्होंने छात्रावास के कमरों, रसोईघर, पेयजल व्यवस्था, का भी निरीक्षण किया गया। शासन की सभी योजनाओं का लाभ छात्राओं तक प्रभावी रूप से पहुंचे।

कार्यालय कृषि उपज मण्डी समिति, पिपरई
जिला- अशोकनगर (म.प्र.)

क्रं/मण्डी/तौ. कां./2026-27/241 पिपरई, दिनांक / 17/07/2026

बी.ओ.टी. तौलकांटा हेतु निविदा आमंत्रण सूचना

कृषि उपज मण्डी समिति पिपरई द्वारा ई-बिडिंग प्रणाली के माध्यम से स्वयं के व्यय पर बिल्ट ऑपरेट एण्ड ट्रान्सफर (बी.ओ.टी.) आधार पर तौलकांटा स्थापना एवं संचालन हेतु वार्षिक प्रीमियम के आधार पर दिनांक 14.08.2026 को समय 17:00 तक ऑनलाइन निविदा पोर्टल https://mptender.gov.in पर आमंत्रित की जाती है।

स्थापित किये जाने वाले तौलकांटा हेतु विवरण अग्रलिखित अनुसार है-

ई-निविदा क्रमांक	इलेक्ट्रोनिक तौलकांटा स्थापना का स्थान	तौलकांटे की क्षमता	न्यूनतम वार्षिक प्रीमियम / आफसेट (राशि रुपए)	धरोहर राशि	निविदा राशि
2026_MPSAM_522989	Mandi Yard Piprai	10 MT	25000.00	27000.00	5000.00

01. निविदा प्रपत्र एवं निविदा संबंधी अन्य जानकारी ऑनलाइन पोर्टल से प्राप्त की जा सकती है।
02. निविदा के सभी संशोधन केवल ऑनलाइन पोर्टल https://mptender.gov.in पर जारी किये जायेगें।

सचिव
कृषि उपज मण्डी समिति पिपरई
जिला- अशोकनगर

भारसाधक अधिकारी
कृषि उपज मण्डी समिति पिपरई
जिला- अशोकनगर

खबर संक्षेप

मारपीट की घटनाओं के कई मामले दर्ज

अशोकनगर। जिले के विभिन्न क्षेत्रों में मारपीट की घटनाओं के कई मामले दर्ज किए गये हैं। जिले के देहात थाना क्षेत्र के अंतर्गत जगदम्बा कॉलोनी निवासी भरत अहिरवार ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी रणवीर अहिरवार ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। जिले के शाढ़ौरा थाना क्षेत्र के अंतर्गत कंचनपुर चक्क निवासी परविंदर सिक्ख ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी सतपाल सिक्ख ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। इसी घटना में दूसरे पक्ष की ओर से सतपाल सिक्ख ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि अमरजीत गुरूदीप सिक्ख ने उससे मारपीट क और जान से मारने की धमकी दी। जिले के कदवाया थाना क्षेत्र के अंतर्गत कदवाया निवासी सोनम कुशवाह ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी नंदू, शिशुपाल, कल्ला और बाला बाई कुशवाह ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। जिले के बहादुरपुर थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम काछी बरखेडा निवासी जिलीशा पारदी ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी अरबिंद और अनुराज पारदी ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी।

बैंक खाते से 50 हजार रुपए धोखाधड़ी पूर्वक निकाले

अशोकनगर। जिले के मुंगावली थाने के अंतर्गत ग्राम टांडा निवासी अमरजीत वैश्य ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि किसी अज्ञात व्यक्ति द्वारा फरियादी के मोबाइल पर लिंक भेजकर फरियादी के बैंक खाते से 50 हजार रूपए धोखाधडी पूर्वक निकाल लिए। जिस पर पुलिस ने अज्ञात पर मामला दर्ज किया है।

50 वर्षीय ग्रामीण ने कुए में कूंदकर की खुदकुशी

अशोकनगर। स्थानीय कछियाना मोहल्ला में 50 वर्षीय लक्ष्मण पुत्र रामसिंह कुशवाह ने कुए में कूंदकर खुदकुशी कर ली, बताया गया है कि उसकी कुछ दिनों से मानसिक स्थिति ठीक नहीं थी। यह घटना सुबह के समय की है, घर से आने के बाद मंदिर के समीप उन्होंने कुए में छलांग लगा दी, जो लोग वहां से निकल रहे थे उन्होंने भी घटना को देखा, बाद में एसडीआरएफ की टीम मौके पर पहुंची और शव को बाहर निकाला गया, पुलिस ने मर्ग का मामला दर्ज किया है।

मॉकड्रिल का आयोजन आज

अशोकनगर। नगरपालिका क्षेत्र जिला अशोकनगर के शहरी क्षेत्र में 23 जुलाई को रात्रि 9.30 बजे पर हवाई हमले के दौरान स्वयं को सुरक्षित करने एवं ब्लैक आउट (घर की रोशनी पूर्णत बंद कर देना) के संबंध में जन जागरूकता फैलाने के लिये मॉकड्रिल का अभ्यास किया जाएगा। जन सामान्य उपरोक्त मॉकडिल 23 जुलाई को रात्रि 9.30 बजे पर रेड अलर्ट का सायरन (प्रथम) बजने पर लाइटे बंद कर घर पर सुरक्षित स्थान पर अपने आपको सुरक्षित करने का अभ्यास करे एवं द्वितीय सायरन बजने पर सामान्य स्थिति में बहाल कर ले। यह मॉकडिल अभ्यास को किसी भी प्रकार की अपवाह में ना ले एवं इस मॉकड्रिल को अपने आपको सुरक्षित करने का अभ्यास मात्र एवं जन सामान्य में इस विधि का प्रचार प्रसार करना है। प्रथम सायरन तेज धीमी ध्वनि वाला सायरन. 09.28 रात्रि तथा द्वितीय सायरन एक समान आवाज की ध्वनि रात्रि 09.35 पर होगी।

मारोन गांव में करंट लगने से व्यक्ति की मौत

पिपरई। थाना क्षेत्र के ग्राम मारोन में रविवार को करंट लगने से एक व्यक्ति की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। मृतक का शव गांव के एक खेरे की तार फेंसिंग के पास पड़ा मिला। घटना की सूचना मिलते ही क्षेत्र में सनसनी फैल गई। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर जांच शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार, ग्राम मारोन निवासी रामबाबू उर्फ पप्पू कुशवाहा 50 वर्ष गांव के ही एक खेरे की तार फेंसिंग के पास मृत अवस्था में मिले। उनके शरीर पर करंट लगने के निशान पाए गए, जिससे प्रथम दृष्टया मौत का कारण विद्युत करंट माना जा रहा है। घटना की जानकारी मिलने पर परिजन राधेश्याम कुशवाहा और भोलाराम कुशवाहा तत्काल उन्हें सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लेकर पहुंचे, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया।

अध्यक्ष बनने के बाद अपने 9वें जिले के भ्रमण पर अशोकनगर पहुंचे डॉ. कैलाश जाटव

'साठगांठ से हड़पी जा रही गरीबों की जमीनें'

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अशोकनगर

जिला मुख्यालय पर जो कुछ हो रहा है उसे देखकर लगता है कि जिला प्रशासन नाम की कोई चीज भी नहीं है, यहां प्रशासन वही कर रहा है जो नेता चाहते हैं। नेताओं की आवाज पर प्रशासन काम कर रहा है। इस सच्चाई को लेकर जिले में एक दिवसीय प्रवास पर आए डॉक्टर कैलाश जाटव पत्रकारों से खरी खरी कह गए। अशोकनगर जिले में प्रशासनिक व्यवस्थाएं पूरी तरह पटरी से उतर चुकी हैं। यहां नेताओं और अधिकारियों की कथित मिली भगत के चलते अनुसूचित वर्ग और गरीब तबके की जमीनों सरे आम हड़पी जा रहीं है। स्थिति यह है कि जिला प्रशासन पूरी तरह नेताओं का पंगु बनकर रह गया है। यह तल्ख और गंभीर आरोप मध्यप्रदेश अनुसूचित जाति आयोग के अध्यक्ष डॉ. कैलाश जाटव ने बुधवार को आयोजित एक प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित करते हुए लगाए।



प्रशासन में अकर्मण्यता और लापरवाही का बोलबाला

अध्यक्ष बनने के बाद अपने 9वें जिले के भ्रमण पर अशोकनगर पहुंचे डॉ. जाटव ने कहा कि जिले की प्रशासनिक कार्यप्रणाली में भारी अनियमितताएं देखने को मिल रही हैं। उन्होंने कहा यहां केवल टालमटोल का सिस्टम चल रहा है और जिम्मेदार कर्मचारी अपनी जवाबदेही से भाग रहे हैं। थानों में गरीबों की सुनवाई नहीं होती, जिससे पीड़ित वर्ग को न्याय मिलने में गंभीर अड़चनें आ रही हैं।

पट्टे के जमीनों में बड़ा फर्जीवाड़ा, बाइपास रोड मामले का खुलासा

डॉ. जाटव ने जिले में जमीन हस्तांतरण और पट्टों के आवंटन में चल रही धांधली को उजागर करते हुए कहा कि जिन्हें जमीन के पट्टे मिले, उन्हें कब्जा नहीं दिया गया और जिन्हें कब्जा मिला, उनकी जमीनें कर्मचारियों की सांठगांठ से बेच दी गईं। हाल ही में सुर्खियों में आए बायपास रोड़ मामले पर बड़ा खुलासा करते हुए उन्होंने बताया कि यहां भी अनुसूचित जाति वर्ग के लोगों की पट्टे की कीमती जमीनों का अवैध लेनदेन कर उन्हें बेच दिया गया। इस पूरे खेल में शहर के रसूखदार नेता, प्रशासनिक अधिकारी और कर्मचारी सीधे तौर पर शामिल हैं।

आयोग का अल्टीमेटम, अब गरीबों की जमीन हड़पने वाले बख्शे नहीं जाएंगे

पत्रकारों से रूबरू होते हुए डॉ. कैलाश जाटव ने कड़े लहजे में चेतावनी दी कि आयोग अब गरीबों और पीड़ितों को परेशान करने वाली इस पूरी भ्रष्ट व्यवस्था को कतई बर्दाश्त नहीं करेगा। उन्होंने स्पष्ट किया कि गरीबों का हक मारने वाले चाहे कितने भी प्रभावशाली क्यों न हों, आयोग उनके खिलाफ सख्त से सख्त कार्रवाई करेगा।

लापरवाह अफसरों पर आयोग का चाबुक, सैकड़ों समन जारी: आयोग की कार्यप्रणाली का ब्योरा देते हुए उन्होंने बताया कि पदभार ग्रहण करने से पूर्व करीब 2,000 आवेदन लंबित थे। इन पर त्वरित कड़ा संज्ञान लेते हुए आयोग अब तक 3 कलेक्टर्स, 4 पुलिस अधीक्षकों, 8 एडीएम, 9 तहसीलदारों, 3 मुख्य कार्यपालन अधिकारियों को समन जारी कर जवाब तलब कर चुका है। प्रेस कॉन्फ्रेंस के अंत में डॉ. जाटव ने मीडिया जगत से अपेक्षा जताई कि वे ऐसे शोषित और पीड़ित वर्ग से जुड़े मामलों को आयोग के समक्ष लाएं, ताकि हर जरूरतमंद को समय पर निष्पक्ष न्याय दिलाया जा सके।

नगर परिषद द्वारा नगर में सख्ती से चलाया जा रहा वसूली अभियान

मुंगावली। नगर परिषद सीएमओ विनयकुमार भट्ट के निर्देश पर नगर में प्रतिदिन सख्ती से वसूली अभियान नगर के प्रत्येक वार्ड में चलाया जा रहा है। सीएमओ ने वसूली के लिए दल गठित किए हैं जो प्रतिदिन घर घर जाकर नल टैक्स एवं समेकित/संपत्ति कर की रसीद चैक कर रहे हैं। रसीद न दिखाने पर एवं टैक्स जमा न होने पर नल कनेक्शन काटने की कार्यवाही नगर में निरंतर की जा रही है। नल कनेक्शन काटने के बाद बकायादारों को दोबारा नल कनेक्शन नहीं दिया जाएगा। समेकित/संपत्ति कर जमा न होने पर संपत्ति कुर्की की कार्यवाही की जाएगी। मंगलवार को वसूली टीम द्वारा नगर के ढिमरान गली, कछियाना मोहल्ला में वसूली कार्यवाही की गई जिसमें बकायादारों के गुरुवार से नल कनैक्शन काटने की कार्यवाही की जाएगी एवं अन्य वार्डों में भी सख्ती से वसूली कार्यवाही की जाएगी जल कर जमा न होने पर कनेक्शन काटे जाएंगे। नगर परिषद से जलकर वसूली प्रभारी नवेद क़ाजी के साथ शैलेष अग्रवाल श्रीराम चिढ़ार अनिल नामदेव आदि रहे मौजूद।

ग्राम पंचायत मल्हारगढ़ एवं विद्यालयों में विधिक जागरूकता शिविर आयोजित किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अशोकनगर

प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश/अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, अशोकनगर सतीश चंद्र शर्मा के मार्गदर्शन एवं सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, अशोकनगर मनीष अनुरागी के निर्देशन में जिला विधिक सहायता अधिकारी हेमंत कुशवाहा की उपस्थिति में ग्राम पंचायत मल्हारगढ़, शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय मल्हारगढ़ एवं गुरुकुलम विद्यालय मल्हारगढ़ में विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया।

शिविर में विद्यार्थियों एवं ग्रामवासियों को राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण नालसा तथा मध्यप्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा संचालित विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं की विस्तृत जानकारी प्रदान की गई। उपस्थित जनों को बताया गया कि पात्र एवं जरूरतमंद व्यक्तियों को निःशुल्क विधिक सहायता, निःशुल्क अधिवक्ता एवं अन्य विधिक सेवाएँ उपलब्ध कराई जाती हैं। जिला विधिक सहायता अधिकारी हेमंत कुशवाहा ने उपस्थित विद्यार्थियों एवं ग्रामीणों को नशा मुक्ति अभियान के संबंध में जागरूक करते हुए नशीले पदार्थों के दुष्प्रभावों की जानकारी दी तथा सभी से नशे से दूर रहकर स्वस्थ एवं जिम्मेदार नागरिक बनने का आह्वान किया। शिविर के दौरान नालसा हेल्पलाइन नंबर 15100 के संबंध में भी विस्तार से जानकारी दी गई तथा बताया गया कि कोई भी पात्र व्यक्ति विधिक सहायता, विधिक परामर्श एवं विधिक सेवा प्राधिकरण की योजनाओं का लाभ प्राप्त करने के लिए इस हेल्पलाइन पर संपर्क कर सकता है।

लायंस हेल्पिंग हैंड क्लब भी जगन्नाथ रथयात्रा का हिस्सा बना

अशोकनगर। भगवान श्री जगन्नाथ की भव्य रथयात्रा के अवसर पर लायंस क्लब हेल्पिंग हैंड अशोकनगर द्वारा सलूजा टावर पर श्रद्धालुओं के लिए निःशुल्क शीतल जल सेवा का आयोजन किया गया। दोपहर 3 बजे से प्रारंभ हुई इस सेवा में हजारों श्रद्धालुओं को ठंडा पेयजल उपलब्ध कराया गया। भीषण गर्मी के बीच क्लब के सदस्यों ने सेवा भाव से श्रद्धालुओं का स्वागत करते हुए जल वितरण किया। क्लब अध्यक्ष लायन संतोष चंदेल ने कहा कि मानव सेवा ही लायंस क्लब का सर्वोच्च उद्देश्य है और भविष्य में भी ऐसे सेवा कार्य निरंतर आयोजित किए जाएंगे। इस अवसर पर उपाध्यक्ष लायन ज्ञानेश्वरीसक्सैना और लायन चन्द्रेश यादव के साथ अन्य क्लब सदस्य एवं समाजसेवी उपस्थित रहे।

राहुल गांधी की गिरफ्तारी के विरोध में कांग्रेस ने धरना देकर जताया विरोध

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अशोकनगर

कांग्रेस ने गांधी चैक पर धरना दिया और लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी की गिरफ्तारी का विरोध किया। इस दौरान नपा में प्रतिपक्ष के नेता रीतेश जैन के साथ अनेक कार्यकर्ता शामिल थे। उन्होंने कहा कि देश की राजधानी दिल्ली में लोकतंत्र की आवाज को दबाने को जो प्रयास किया गया है, उसे सहन नहीं किया जाएगा। कांग्रेस हमेशा से संविधान और लोकतंत्र के मुद्दों को लेकर संघर्ष करती आई है। उनका यह विरोध प्रदर्शन जायज होने के बाद दिल्ली की सरकार द्वारा जो लोकतंत्र के अधिकारों का दबाने का प्रयास किया गया है।

राहुल गांधी की गिरफ्तारी के विरोध में शाढ़ौरा में कांग्रेस ने धरना दिया

भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के वरिष्ठ नेता एवं लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी जी की गिरफ्तारी के विरोध में बीती रात्रि ब्लॉक कांग्रेस कमेटी शाढोरा द्वारा ब्लॉक अध्यक्ष सोनू रघुवंशी के नेतृत्व में शांतिपूर्ण विरोध-प्रदर्शन किया गया। कार्यकर्ताओं ने थाना परिसर के समीप पाइप फैक्ट्री के सामने मुख्य सड़क किनारे बैठकर लोकतांत्रिक तरीके से अपना विरोध दर्ज कराया। इस अवसर पर कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने कहा कि विपक्ष की आवाज को दबाने का कोई भी प्रयास लोकतांत्रिक मूल्यों के विरुद्ध है। कांग्रेस पार्टी संविधान, लोकतंत्र और जनहित के मुद्दों पर सदैव संघर्ष करती रही है और आगे भी करती रहेगी। ब्लॉक अध्यक्ष सोनू रघुवंशी ने कहा कि लोकतंत्र में असहमति और विरोध का सम्मान होना चाहिए। इस विरोध-प्रदर्शन में ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के पदाधिकारी, वरिष्ठ कांग्रेसजन एवं बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

पीने के पानी की शुद्धता की होगी जांच

आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं को मिला जल परीक्षण का प्रशिक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अशोकनगर

जिला जल परीक्षण संबंधी प्रशिक्षण अशोकनगर, ईसागढ़, मुंगावली और चंदेरी में महिला एवं बाल विकास कार्यालयों पर आयोजित किया गया। कार्यक्रम में कार्यकर्ताओं को फील्ड टेस्ट किट का वितरण किया गया ।

जिले के ग्रामीण क्षेत्रों में आमजन को स्वच्छ और सुरक्षित पेयजल उपलब्ध कराने तथा जलजनित बीमारियों पर लगाम लगाने के उद्देश्य से बुधवार को जिलेभर में एक वृहद अभियान चलाया गया। अशोकनगर जिले के चारों ब्लॉकों अशोकनगर, ईसागढ़, मुंगावली एवं चंदेरी स्थित महिला एवं बाल विकास कार्यालयों पर आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं के लिए जल परीक्षण प्रशिक्षण सह किट वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। प्रशिक्षण के दौरान मास्टर ट्रेनर्स द्वारा आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं को फील्ड टेस्ट किट का व्यावहारिक उपयोग करना सिखाया गया। कार्यकर्ताओं को सिखाया गया कि किस प्रकार वे गांव के कुओं, हैंडपंपों और नल-जल योजनाओं के पानी में रासायनिक तत्त्वों जैसेकृफ्लोराइड, नाइट्रेट, आयरन, हार्डनेस और पीएच स्तर की जांच सेकंडों में कर सकती हैं।

निर्माण कार्यों का सत्यापन करने खुद पहुंचें कलेक्टर

केन्द्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने दिशा बैठक में दिए निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अशोकनगर

दिशा बैठक में ईसागढ की वाटर सप्लाई की कार्य की गुणवत्ता संबंधी मामले की जांच हेतु कलेक्टर साकेत मालवीय बुधवार को ईसागढ पहुंचे इस दौरान उन्होने एमपीयूडीसी द्वारा ईसागढ में वाटर सप्लाई के कराये जा रहे कार्यो की गुणवत्ता तथा कार्यो में आने वाली परेशानियों के संबंध में विस्तार से जानकारी ली।

अधिकारियों का दल गठित कर जांच के निर्देश निरीक्षण के दौरान उन्होने वाटर सप्लाई कार्य में विभिन्न कमियों के बारे में संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया। साथ ही निर्देश दिये कि पीएचई, राजस्व, एमपीयूडीसी, नगरीय निकाय के अधिकारियों के दल गठन कर भौतिक सत्यापन कर जांच प्रतिवेदन एवं लाईन टेस्टिंग कराई जाएं।

सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ईसागढ़ का किया निरीक्षण कलेक्टर साकेत मालवीय ने बुधवार को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ईसागढ़ का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने प्रसूति वार्ड, जनरल वार्ड का निरीक्षण किया।

राजघाट पेयजल शहरी परियोजना का किया निरीक्षण भ्रमण के दौरान कलेक्टर मालवीय ने राजघाट पेयजल शहरी परियोजना निरीक्षण किया।इस दौरान उन्होंने राजघाट की पाइप लाइन विस्तार के संबंध में जानकारी ली। साथ ही अधिकारियों को निर्देश दिये कि योजना का क्रियान्वयन समय सीमा में पूर्ण किया जाएं। भ्रमण के दौरान उन्होंने बीईओ,बीआरसी कार्यालय का निरीक्षण किया एवं आवश्यक निर्देश दिये। निरीक्षण के दौरान

ग्राम झागर में पौध रोपण कार्यक्रम आयोजित किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ शाढ़ौरा

एक पेड़ मां के नाम अभियान के अंतर्गत जन अभियान परिषद की ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति करख्या तथा नवांकुर संस्था जय मां करीला देवी जन शिक्षा सेवा समिति ने ग्राम झागर (करख्या) गौशाला मे अमरूद, जामुन,बेलपत्र व अमला आदि के पौधे रोपित किए गए। इस कार्यक्रम मे जिला समन्वयक बद्री प्रसाद चैहान ने बताया कि प्रकृति को संतुलित करने के लिए प्रत्येक व्यक्ति को पौधे अवश्य लगाये,एक पेड़ मां के नाम अभियान को सफल बनाएं। विकासखंड समन्वयक मनोज यादव ने बताया कि परिषद द्वारा प्रत्येक समिति में 100 पौधे लगाने तथा उसे संरक्षित करने का लक्ष्य रखा है। जिला समन्वयक द्वारा सेक्टर स्तरीय म्यांपुर नर्सरी का भी निरीक्षण किया। नवांकुर संस्था के अध्यक्ष विवेक रघुवंशी, करख्या समिति के अध्यक्ष दिनेश रघुवंशी, गौरव रघुवंशी, रामबाबू सिंह रघुवंशी आदि रहे मौजूद।

हाईकोर्ट ने याचिका की स्वीकार, दो सप्ताह में मांगा जवाब

अशोकनगर तहसील में अभिभाषकों के लिए कक्ष के इंतजाम नहीं

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अशोकनगर

स्थानीय संयुक्त तहसील कार्यालय भवन में अभिभाषकों के लिए कोई वार रूम की व्यवस्था नहीं की गई है, स्थानीय प्रशासन द्वारा अभिभाषक संघ की ज्ञापन देने के बाद भी कोई कार्यवाही न किए जाने के बाद अभिभाषक संघ ने ग्वालियर उच्च न्यायालय में याचिका दायर की थी। जिसे हाई कोर्ट ने स्वीकार कर लिया है और शासन से दो सप्ताह के अंदर जवाब मांगा है।

इस आशय की जानकारी जिला अभिभाषक संघ के अध्यक्ष चन्द्रशेखर साहू ने दी। उन्होंने बताया कि उच्च न्यायालय से दो सप्ताह बाद वैकल्पिक व्यवस्था का निवेदन किया जाएगा। ज्ञात हो कि अशोकनगर जिला मुख्यालय पर अभी तक तहसील कार्यालय और एसडीएम कार्यालय एक ही भवन में एक साथ लगा करते थे। जहां अभिभाषकों के लिए एक वाररूम की व्यवस्था की गई थी। अब तहसीलदारों के लिए संयुक्त तहसीलदार भवन का निर्माण अलग होने और एसडीएम कार्यालय अलग होने के कारण अभिभाषक पुराने तहसील भवन में ही रहकर तहसील कार्यालय तक आते जाते हैं। उन्हें नए तहसील भवन में कोई बार रूम की व्यवस्था नहीं की गई है। जबकि पहले संयुक्त रूप से एसडीएम और तहसीलदार कार्यालय चलते थे, तब बार रूप की व्यवस्था थी अब दोनो अलग अलग हो गए हैं।इसलिए बाररूम पुराने तहसील भवन में ही रह गया है, नए भवन में बाररूम की व्यवस्था नहीं की गई। इस कारण अभिभाषक पुराने तहसील भवन में ही बैठ रहे हैं और वहीं से तहसील कार्यालय तक जाते हैं। जबकि जो तहसील भवन बना है वह भवन अभी तक जो व्यवस्था चली आ रही थी उसी व्यवस्था के अनुसार एसडीएम और तहसीलदार कार्यालय एक ही स्थान पर संयुक्त रूप से लगना था। लेकिन शासन ने जहां जहां पर भी तहसील भवन का निर्माण किया है, उन सभी स्थानों पर तहसील भवन में एसडीएम कार्यालय की व्यवस्था नहीं की है, जो भवन बनाए गए हैं उनमें संयुक्त तहसीलदार कार्यालय लिखवाया गया है। इस कारण नए तहसील भवन का शुभारंभ होने के बाद अशोकनगर, कचनार, और राजपुर सर्किल के तहसीलदार अपने अपने कार्यालय में चले गए हैं और एसडीएम कार्यालय पुराने भवन में ही लग रहा है। जहां एसडीएम कार्यालय लग रहा है उसी भवन में अभिभाषक बैठ रहे हैं और उनका बार रूम भी वहीं पर है।

अशोकनगर नई तहसील बनाने की मांग

आसपास के पड़ौसी जिलो में सभी जगह शहर की तहसील अलग लग रही है और ग्रामीण अचंलों के सर्किलों को मिलाकर तहसील कार्यालय का संचालन अलग हो रहा है। पड़ौसी जिला गुना में ही दो तहसील हैं शहर की तहसील अलग है और ग्रामीण अंचल की तहसीलें अलग हैं। ऐसी ही स्थिति अशोकनगर में होना चाहिए, यहां अशोकनगर तहसील अलग और ग्रामीण अचंलों की तहसील अलग होना चाहिए। अशोकनगर तहसील के लिए 3 तहसीलदार अलग से होना चाहिए और एक मुख्य तहसीलदार अलग होना चाहिए। अशोकनगर शहर को 3 विभागों में विभाजित कर तहसील बनाई जाना चाहिए। अशोकनगर जिला मुख्यालय पर वर्तमान में स्थिति यह है कि अगर तहसीलदार को ढूंढना हो तो आपकों कई घण्टों तक उनके कार्यालय में इंतजार करना पड़ेगा, क्योंकि तहसीलदार के ऊपर इतना भार है कि उन्हें अपना कार्य करने के साथ-साथ जिला मुख्यालय पर आए दिन होने वाले विवाद,घटनाक्रम, और कलेक्टर कार्यालय में होने वाली बैठकों को लेकर कार्यालय छोड़कर जाना पड़ता है। जनता तहसीलदार के कार्यालय के चक्कर लगाती रहती है, तहसीलदार को अपने कार्यालय के अलावा अन्य कार्यों की जबावदारी सौंपे जाने के कारण उन पर कार्यभार इतना अधिक रहता है कि वह प्रशासनिक कार्यों से ही मुक्त नहीं हो पाते हैं। जिसके कारण लोगों के कार्य प्रभावित हो रहे हैं, मजबूरन तहसीलदारों को निर्धारित समय के बाद भी अपने कार्यालय में बैठकर कार्यालयीन कार्यों का निपटाना पड़ रहा है। ऐसी स्थिति में अशोकनगर शहर की तहसील अलग और ग्रामीण अंचलों की तहसील अलग बनाई जाना चाहिए, जैसे कि अन्य शहरों में व्यवस्था है, इसका प्रस्ताव कलेक्टर कार्यालय अशोकनगर से शासन को भेजना चाहिए, ताकि लोगों को कम समय में अपने काम कराने की सुंविधा मिल सके।

नगर की प्रसिद्ध सब्जी मंडी बनी कचरा घर, सफाई की जगह टैक्स वसूली में लगी मंडी

सड़े गले फल सब्जियों का मंडी परिसर में लगा ढेर, बदबू से खड़ा होना भी दुश्वार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जीरापुर

नगर की प्रसिद्ध सब्जी मंडी जो जिले में अपना एक नाम है इन दिनों बदहाली के दौर से गुजर रही है।मंडी परिसर में जगह-जगह गंदगी का अंबार लगा हुआ है। सड़े-गले फल और सब्जियां खुले में फेंकी जा रही हैं, जो कचरा कूड़ा के ढ़ेर के रूप में सड़कर बदबू मार रहीं हैं।जिनसे उठ रही तेज बदबू के कारण मंडी में खड़ा होना भी मुश्किल हो गया है। स्थानीय लोगों और व्यापारियों की मानें तो मंडी परिसर में लंबे समय से साफ-सफाई नहीं होने से रोजाना का कचरा यूं ही पड़ा रहता है। मंडी समिति टैक्स वसूली में तो ध्यान दे रही है, वसूली में कोई कसर नहीं छोड़ रही, लेकिन मंडी में सफाई नहीं होने के कारण आ रही बदबू से समिति को कोई लेना देना नहीं है। सिर्फ पैसा वसूलना ही समिति का मकसद रह गया है।

राजस्थान तक सप्लाई होती है सब्जी

जीरापुर सब्जी मंडी इस अंचल की सबसे बड़ी मंडियों में से एक है। यहां आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों सहित दूर-दराज के किसान अपनी सब्जियां लेकर पहुंचते हैं। यही नहीं, यहां से थोक में सब्जी राजस्थान तक भेजी जाती है। सैकड़ों किसानों और व्यापारियों सहित मजदूर वर्ग की आजीविका इस मंडी से जुड़ी है।

जब टैक्स वसूली, तो सफाई क्यो नहीं?

कृषि उपज मंडी समिति द्वारा किसानों और व्यापारियों से नियमित रूप से मंडी टैक्स वसूला जाता है, लेकिन सुविधाओं के नाम पर कुछ नहीं दिया जा रहा है। सफाई व्यवस्था पूरी तरह चैपट है, जिससे संक्रमण फैलने का खतरा भी बढ़ गया है।लगभग एक माह से अधिक समय से मण्ड़ी परिसर में फल सब्जी की सड़न बदबू से मण्ड़ी परिसर के समीप वार्ड 14 के नजदीकी रहवासी भी परेशानी को झेलने को मजबूर हैं।

इनका कहना है

इस संबंध में मामला संज्ञान में आया है, कल ही पूरे मंडी परिसर की सफाई करा दी जाएगी।

-हरीप्रसाद वर्मा, सचिव कृषि उपज मंडी जीरापुर।

गुणवत्ता पर एक बार फिर सवाल खड़े हो गए

एक माह में ही उखड़ने लगी रेलवे अंडरब्रिज की सीसी सड़क, घटिया निर्माण से जगह-जगह गड्ढे

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सारंगपुर

गुना-मक्सी रेलखंड पर स्थित रेलवे अंडरब्रिज क्रमांक 158 की नवनिर्मित सीसी सड़क एक माह के भीतर ही खराब होने लगी है। सड़क की सतह कई स्थानों से उखड़ गई है, जगह-जगह छोटे-छोटे गड्ढे बन गए हैं और गिट्टी बाहर निकलने लगी है। इससे सड़क निर्माण की गुणवत्ता पर एक बार फिर सवाल खड़े हो गए हैं। उल्लेखनीय है कि इस सड़क निर्माण को लेकर पूर्व में भी अनियमितताओं और तकनीकी मानकों की अनदेखी के आरोप लगाए गए थे। स्थानीय नागरिकों ने निर्माण के दौरान गुणवत्ता पर सवाल उठाते हुए शिकायतें की थीं, जिसे प्रमुखता से प्रकाशित भी किया गया

अनियमितताओं और तकनीकी मानकों की अनदेखी की शिकायत

रेलवे अंडरब्रिज की सड़क निर्माण में भ्रष्टाचार के आरोप, गुणवत्ता पर सवाल

था। उस समय रेलवे मंडल भोपाल के जनसंपर्क अधिकारी ने मामले की जांच कर गुणवत्ता के साथ कार्य कराने का आश्वासन दिया था। अब सड़क की मौजूदा स्थिति देखकर लोगों का कहना है कि जांच और सुधार के दावों का असर धरातल पर दिखाई नहीं दे रहा है। निर्माण के महज एक माह बाद ही सड़क की परत उखड़ने लगी है, जिससे भविष्य में बड़े गड्ढे बनने और दुर्घटनाओं की आशंका बढ़ गई है। इस मार्ग से प्रतिदिन बड़ी संख्या में दोपहिया, चारपहिया वाहन एवं ग्रामीण क्षेत्रों के लोग आवागमन करते हैं। बारिश के दौरान उखड़े हिस्सों में पानी भरने से वाहन चालकों को गड्ढों का अंदाजा नहीं लग पाता, जिससे हादसे की संभावना बनी रहती है।स्थानीय नागरिकों ने रेलवे एवं संबंधित निर्माण एजेंसी से सड़क की गुणवत्ता की निष्पक्ष जांच कर दोषी अधिकारियों एवं ठेकेदार के खिलाफ कार्रवाई करने तथा क्षतिग्रस्त सड़क का तत्काल तकनीकी मानकों के अनुरूप पुनर्निर्माण कराने की मांग की है।

सांझा चूल्हा योजना में प्रदर्शनी व कुकिंग प्रतियोगिता का आयोजन

बच्चों के भोजन को पौष्टिक व रुचिकर बनाने के लिए सेक्टर स्तर पर किए गए नवाचार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ब्यावरा

सांझा चूल्हा योजना अंतर्गत बच्चों को प्रदान किए जाने वाले नाश्ता एवं भोजन को अधिक रुचिकर, स्वादिष्ट एवं पौष्टिक बनाने के उद्देश्य से महिला एवं बाल विकास विभाग नरसिंहगढ़ द्वारा विभिन्न सेक्टरों में पोषण प्रदर्शनी एवं पौधारोपण कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। कलेक्टर डॉ. मिश्रा द्वारा सेक्टर स्तर पर पोषण प्रदर्शनी, कुकिंग प्रतियोगिता एवं जनजागरूकता गतिविधियों के आयोजन के निर्देश दिए गए थे। उक्त निर्देशों के परिपालन में महिला एवं बाल विकास परियोजना नरसिंहगढ़ के विभिन्न सेक्टरों में कुल 9 स्थानों पर पोषण प्रदर्शनी एवं पौधारोपण कार्यक्रम आयोजित किए गए।कार्यक्रमों के दौरान बच्चों के भोजन की पौष्टिकता बढ़ाने तथा स्वाद संवर्धन के लिए स्थानीय एवं

उपलब्ध खाद्य सामग्रियों से विभिन्न प्रकार के पौष्टिक व्यंजन तैयार करने की विधियों का प्रदर्शन किया गया। उपस्थित महिलाओं एवं माताओं को संतुलित आहार, पोषण संबंधी आवश्यकताओं तथा बच्चों के सर्वांगीण विकास में पौष्टिक भोजन की भूमिका के बारे में जानकारी दी गई। इस अवसर पर स्थानीय जनप्रतिनिधियों, सरपंचों, सांझा चूल्हा समूह की महिलाओं, बच्चों की माताओं एवं आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की। कार्यक्रम के अंतर्गत पौधरोपण कर पर्यावरण संरक्षण एवं हरित विकास का संदेश भी दिया गया। कार्यक्रमों में सहभागी महिलाओं ने बच्चों के लिए पौष्टिक एवं स्वादिष्ट भोजन तैयार करने के विभिन्न नवाचारों को साझा किया तथा ऐसे आयोजनों को जनजागरूकता और कुपोषण मुक्ति की दिशा में महत्वपूर्ण बताया।

सीएम हेल्पलाइन प्रकरणों के त्वरित निराकरण एवं यूसीसी सुझाव अभियान की समीक्षा बैठक संपन्न

लंबित प्रकरणों के निराकरण में लापरवाही स्वीकार नहीं: गढ़पाले

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ब्यावरा

मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत डॉ. इच्छित गढ़पाले ने सीएम हेल्पलाइन एवं समान नागरिक संहिता (यूसीसी) सुझाव अभियान की समीक्षा करते हुए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सीएम हेल्पलाइन प्रकरणों का समय-सीमा में गुणवत्तापूर्ण निराकरण सुनिश्चित किया जाए तथा लंबित प्रकरणों के निराकरण में किसी प्रकार की लापरवाही स्वीकार नहीं की जाएगी। समीक्षा के दौरान संतोषजनक प्रगति न होने तथा डी ग्रेड प्राप्त करने पर मत्स्य कल्याण एवं मत्स्य विकास विभाग तथा परिवहन विभाग को कारण बताओ सूचना पत्र जारी करने के निर्देश दिए गए। पशुपालन विभाग की समीक्षा में सीएम हेल्पलाइन प्रकरणों के निराकरण में लापरवाही पाए जाने पर ब्यावरा एवं नरसिंहगढ़ के उप संभागीय पशु चिकित्सा अधिकारियों को नोटिस जारी करते हुए एक दिवस का वेतन काटने की कार्रवाई के निर्देश दिए गए।

इसी प्रकार जनपद पंचायत खिलचीपुर द्वारा सीएम हेल्पलाइन प्रकरणों को गलत तरीके से योजना विभाग को स्थानांतरित किए जाने पर

संबंधित अधिकारियों को कारण बताओ सूचना पत्र जारी करने के निर्देश दिए गए। बैठक में समान नागरिक संहिता (यूसीसी) के संबंध में प्राप्त सुझावों की भी समीक्षा की गई। मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत डॉ. गढ़पाले ने निर्देश दिए कि यूसीसी सुझाव अभियान में महिलाओं की अधिकाधिक सहभागिता सुनिश्चित की जाए। इसके लिए महिला एवं बाल विकास विभाग, आईटीआई, उच्च शिक्षा विभाग तथा जिला परियोजना समन्वयक कार्यालय को विशेष प्रयास करने के निर्देश दिए गए। उन्होंने विद्यालयों एवं महाविद्यालयों के विद्यार्थियों से अधिक से अधिक सुझाव प्राप्त करने पर जोर देते हुए कहा कि युवा वर्ग की सक्रिय भागीदारी इस अभियान को सफल बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी। संबंधित विभागों को शिक्षण संस्थानों में जागरूकता गतिविधियां आयोजित कर विद्यार्थियों को सुझाव पोर्टल पर अपने विचार दर्ज कराने के लिए प्रेरित करने के निर्देश दिए गए। साथ ही जिले के सभी मुख्य नगरपालिका अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि वे अपने-अपने नगरीय क्षेत्रों के विद्यालयों एवं महाविद्यालयों में पहुंचकर विद्यार्थियों, शिक्षकों एवं नागरिकों से यूसीसी संबंधी सुझाव एवं फीडबैक दर्ज कराना सुनिश्चित करें, ताकि अभियान में व्यापक जनभागीदारी सुनिश्चित हो सके। मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत डॉ. गढ़पाले ने सभी विभागों को निर्देश दिए कि सीएम हेल्पलाइन प्रकरणों के निराकरण तथा यूसीसी सुझाव अभियान दोनों को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए निर्धारित लक्ष्यों की प्राप्ति सुनिश्चित करें।

सावन मेले की तैयारियों को लेकर शांति समिति की बैठक संपन्न

मेले की सुरक्षा, ट्रैफिक, पार्किंग व यातायात पर चर्चा की

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नरसिंहगढ़

आगामी त्यौहार और सावन सोमवार मेले को लेकर मंगलवार शाम थाना परिसर में शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में मेले के दौरान श्रद्धालुओं की सुरक्षा, सुचारु यातायात, पार्किंग व्यवस्था एवं अन्य विषयो पर विस्तार से चर्चा की गई। बैठक में मेले के दौरान ट्रैफिक व्यवस्था, पार्किंग स्थल एवं पार्किंग शुल्क, सुरक्षा व्यवस्था तथा मेले का संचालन रात्रि 11 बजे तक किए जाने का निर्णय लिया गया। इस दौरान प्रशासन ने आम नागरिकों से भी सहयोग की अपील की। बैठक में तहसीलदार अनाग्रिका कनोझिया, थाना प्रभारी गुंजा राजदार, नगर पालिका अध्यक्ष प्रतिनिधि लोकेन्द्र वर्मा, पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष मंजुलता शिवहरे, दीपेंद्र दास सहित संबंधित विभागों के अधिकारी-कर्मचारी एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

बिगड़ी यातायात व्यवस्था का उठा मुद्दा-

बैठक में शहर की बिगड़ी यातायात व्यवस्था का मुद्दा भी प्रमुखता से उठाया गया। नागरिकों ने शहर के मुख्य मार्गों पर बढ़ते अतिक्रमण, अव्यवस्थित पार्किंग और जाम की समस्या से अवगत कराया। इस पर थाना प्रभारी ने नगर पालिका के साथ समन्वय बनाकर यातायात व्यवस्था में सुधार के लिए आवश्यक कदम उठाने का आश्वासन दिया। साथ ही नागरिकों से भी यातायात नियमों का पालन करने और प्रशासन का सहयोग करने की अपील की गई।

आईटीआई एवं 12वीं पीसीएम पास के लिए

विद्यार्थियों को पॉलीटेक्निक डिप्लोमा द्वितीय वर्ष में सीधे प्रवेश का अवसर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ब्यावरा

शासकीय पॉलीटेक्निक महाविद्यालय राजगढ में तकनीकी शिक्षा विभाग भोपाल द्वारा संचालित डिप्लोमा पाठ्यक्रम इलेक्ट्रॉनिक्स एवं टेलीकम्यूनिकेशन इंजीनियरिंग, केमिकल इंजिनियरिंग, सिविल इंजीनियरिंग और मैकेनिकल इंजीनियरिंग के द्वितीय वर्ष में रिक्त सीटों के विरुद्ध 2 वर्षीय आईटीआई उत्तीर्ण या पीसीएम के साथ 12वीं पास को सीधे पॉलीटेक्निक डिप्लोमा के द्वितीय वर्ष में प्रवेश मिलेगा। प्राचार्य शासकीय पॉलटेक्निक महाविद्यालय ने बताया गया कि प्रवेश के लिए रजिस्ट्रेशन प्रारम्भ हो चुके है। प्रवेश के लिए इच्छुक छात्र-छात्राएं संस्था में उपस्थित होकर या डीटीई काउंसलिंग पोर्टल पर एमपी ऑनलाईन, कियोस्क सेन्टर एवं स्वयं के द्वारा रजिस्ट्रेशन करा कर काउंसलिंग प्रक्रिया में भाग ले सकते है।

ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन 26 जुलाई, 2026 रात्रि 11.45 बजे तक, प्राथमिकताक्रम (संस्था एवं ब्रांच की च्वाईस फिलिंग का ऑनलाइन चयन 25 जून से 30 जुलाई, 2026 रात्रि 11.45 बजे तक, कॉमन मेरिट सूची की उपलब्धता 31 जुलाई, 2026 आवंटित संस्था में प्रवेश 3 से 8 अगस्त तक कर सकते हैं।

युवा समाजसेवी सोलंकी ने रक्तदान किया

जिला चिकित्सालय में युवती की बचाई जान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सारंगपुर

मानवता की मिसाल पेश करते हुए युवा समाजसेवी कैलाश सोलंकी ने समय पर रक्तदान कर एक युवती की जान बचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। जानकारी के अनुसार वंदना, पिता जगदीश भिलाला की तबीयत टाइफाइड के बाद अचानक अत्यधिक बिगड़ गई। उपचार के दौरान चिकित्सकों ने बताया कि उसके शरीर में हीमोग्लोबिन का स्तर अत्यंत कम हो गया है और तत्काल रक्त की आवश्यकता है।

परिजनों ने तत्काल युवा समाजसेवी कैलाश सोलंकी से संपर्क किया। सूचना मिलते ही कैलाश सोलंकी बिना समय गंवाए

तेज बारिश के बीच बस से शाजापुर जिला चिकित्सालय के लिए रवाना हुए। वहां पहुंचकर उन्होंने स्वेच्छा से रक्तदान किया, जिससे समय पर मरीज को रक्त उपलब्ध हो सका और उपचार शुरू किया गया। मरीज के पिता जगदीश भिलाला ने कैलाश सोलंकी के इस मानवीय सहयोग के लिए आभार व्यक्त करते हुए कहा कि समय पर रक्त मिलने से उनकी बेटी का इलाज संभव हो सका।

स्विमिंग चैंपियनशिप: स्पर्धाओं में तैराकों का दमदार प्रदर्शन

इकम सिंह ने 200 मीटर फ्री स्टाइल में कांस्य पदक जीता

हरिभूमि न्यूज ▶▶ विदिशा

स्प्रिंगफील्ड वर्ल्ड स्कूल परिसर स्थित स्विमिंग पूल में आयोजित सीबीएसई वेस्ट ज़ोन स्विमिंग चैंपियनशिप (बॉयज़) 2026-27 में विभिन्न राज्यों से आए तैराकों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए कई रोमांचक मुकाबले खेले। अलग-अलग आयु वर्गों की स्पर्धाओं में खिलाड़ियों ने उत्कृष्ट समय दर्ज कर पदक अपने नाम किए।

50 मीटर ब्रेस्ट स्ट्रोक में सेज इंटरनेशनल स्कूल भोपाल के अर्थ जैन ने 31.64 सेकंड के समय के साथ स्वर्ण पदक जीता। अंडर-19 वर्ग में सेंट जेवियर्स सीनियर सेकेंडरी स्कूल जयपुर के रुद्र प्रताप सिंह रावत पहले स्थान पर रहे, जबकि बिलाबोंग हाई इंटरनेशनल स्कूल जबलपुर के तनिष्क झरिया ने स्वर्ण

पदक हासिल किया।

100 मीटर बैक स्ट्रोक में श्री सत्य साईं विद्या विहार इंदौर के कनिष्क सुरेका विजेता बने। वहीं तनिष्क झरिया ने शानदार प्रदर्शन करते हुए दूसरा स्वर्ण पदक अपने नाम किया। 50 मीटर बटरफ्लाई में सेंट जेवियर्स जयपुर के शौर्यवीर सिंह रावत ने पहला स्थान प्राप्त किया, जबकि अंडर-11 वर्ग में मयूर स्कूल अजमेर के सैयद आतिफ चिश्ती विजेता रहे। 200 मीटर फ्री स्टाइल में द शिशुकुंज इंटरनेशनल स्कूल के हर्मिश नेगी ने स्वर्ण पदक जीता। इस स्पर्धा में विदिशा के ओलंपस हाई स्कूल, धतुरिया-सागर रोड के इकम सिंह अडक ने 2:24.20 मिनट का समय निकालते हुए कांस्य पदक जीतकर जिले का गौरव बढ़ाया। अंडर-19 वर्ग में द शिशुकुंज इंटरनेशनल स्कूल के श्लोक गुरेजा विजेता रहे, जबकि एक अन्य 200 मीटर फ्री स्टाइल स्पर्धा में सुहान जैन ने स्वर्ण पदक अपने नाम किया। सीबीएसई वेस्ट ज़ोन फुटबॉल टूर्नामेंट और स्विमिंग चैंपियनशिप का संचालन स्कूल की खेल व्यवस्थाओं और आयोजन क्षमता को नई पहचान दे रहा है। प्रतियोगिता के सेमीफाइनल और फाइनल मुकाबलों को लेकर खिलाड़ियों और खेल प्रेमियों में उत्साह लगातार बढ़ रहा है।

प्रशिक्षण पूर्ण, महिलाओं को दिए गए प्रमाण पत्र

विदिशा। आरसेटी विदिशा द्वारा ग्राम घटेरा में आयोजित आर्टिफिशियल ज्वेलरी निर्माण प्रशिक्षण कार्यक्रम का समापन किया गया। प्रशिक्षण के दौरान स्वयं सहायता समूहों से जुड़ी ग्रामीण महिलाओं को कृत्रिम आभूषण बनाने की आधुनिक तकनीकों का व्यावहारिक प्रशिक्षण दिया गया, ताकि वे स्वरोजगार शुरू कर आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर बन सकें। समापन अवसर पर प्रतिभागियों का कौशल मूल्यांकन (एसेसमेंट) भी किया गया। मुख्य अतिथि सरपंच दिनेश राय, आरसेटी डायरेक्टर एफसी महली एवं संकाय सदस्यों ने महिलाओं को प्रमाण पत्र वितरित किए तथा प्रशिक्षण से प्राप्त कौशल का उपयोग कर छोटे उद्यम स्थापित करने के लिए प्रेरित किया।

घायल बुजुर्ग को मिली तत्काल मदद हमले के मामले में जांच के निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ विदिशा

जिला मुख्यालय पर मंगलवार को आयोजित जनसुनवाई में नटरेन तहसील के ग्राम ढाड़ोन निवासी 75 वर्षीय काशीराम मीणा को परिजन घायल अवस्था में इंसाफ की गुहार लेकर पहुंचे। उनकी गंभीर स्थिति को देखते हुए जिला प्रशासन ने तत्काल उन्हें अस्पताल भिजवाया।

घायल के बेटे बंटी ने बताया कि उनके पिता पर हुए जानलेवा हमले में सिर पर 25 टांके आए थे। भोपाल में उपचार के दौरान चिकित्सकों ने उन्हें कोमा में जाने की जानकारी दी और आगे इलाज संभव नहीं बताते हुए छुट्टी दे दी। परिजनों ने हमले के आरोपियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई और न्याय की मांग की।

जनसुनवाई में अधिकारियों ने मामले को गंभीरता से लेते हुए संबंधित विभाग को आवश्यक जांच एवं नियमानुसार कार्रवाई के निर्देश दिए। प्रशासन ने भरोसा दिलाया कि प्रकरण की निष्पक्ष जांच कर दोषियों के विरुद्ध विधिसम्मत कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी।